आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 99- ● जबलपुर ● बुधवार, 11 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## संक्षिप्त न्यूज



### तूफान के बीच समुद्र में बह के आया सोने जैसा मंदिर, अधिकारी भी हैरान

**नई दिल्ली ।** मौसम विभाग ने ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच यहां एक अचंभित कर देने वाली घटना हुई है। आसनी तूफान के कारण ऊंची उठ रही लहरों में बीच समुद्र तट पर सोने जैसा का एक मंदिर तैयार हुआ दिखाई दिया है। तटरक्षक बलों ने इस मंदिर को निकाल लिया है और जांच के लिए शीर्ष अधिकारियों को सूचित कर दिया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी का कहना है कि हो सकता है कि यह किसी दूसरे देश से आया हो। हमने इंटेलिजेंस और उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया है, लेकिन समुद्र में सोने जैसा मंदिर तैर कर आने के कारण इसके प्रति यहां लोगों में आस्था बढ़ गई है और सुनहरे मंदिर को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

### बच्चों में टोमैटो फीवर का खतरा

**कोल्लम, केरल।** केरल के कोल्लम से टोमैटो फीवर का एक अनोखा मामला सामने आया है। अब तक 82 लोग इस बिमारी के शिकार हो चुके हैं। केरल सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, टोमैटो फीवर के मामले सबसे ज्यादा 5 साल या उससे कम उम्र के बच्चों में देखें जा रहे हैं। कोल्लम के एक सरकारी अस्पताल ने भी इस बिमारी की पुष्टि की है। हालांकि, ये साफ नहीं हो पाया है कि यह चिकनगुनिया या डेंगू के असर से होने वाली बीमारी है या कोई नई बीमारी है। टोमैटो फीवर के सबसे ज्यादा मामले आने के बाद केरल सरकार काफी गंभीर है। राज्य में ज्यादा केसेज न बढ़े इसके लिए आंगनवाड़ी सेंटर्स को बंद करा दिया गया है। राज्य सरकार की तरफ इस बिमारी को रोकने के लिए गांवों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

### ज्ञानवापी : कोर्ट में आज पेश हो सकती है अब तक की सर्वे रिपोर्ट, मुस्लिम

**वाराणसी।** ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी व अन्य विग्रहों के सर्वे और अधिवक्ता आयुक्त को हटाने के मामले में मंगलवार को न्यायालय में दोनों पक्ष के वकीलों ने दलीलें पेश कीं। बहस में वादी पक्ष ने ज्ञानवापी परिसर के अंदर तहखाने तक सर्वे की मांग को दोहराया। बुधवार को सुनवाई के दौरान अधिवक्ता आयुक्त अजय मिश्रा की भूमिका पर निर्णय लिया सकता है। साथ ही अब तक हुए सर्वे की रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत हो सकती है। मंगलवार दोपहर बाद शुरू हुई न्यायालय की कार्यवाही में वादी पक्ष की आपत्ति पर प्रति आपत्ति में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने कहा कि वादी पक्ष के समस्त कथन और तर्क बेबुनियाद, अर्थहीन और विधि के खिलाफ हैं।

### अनंतनाग में आतंकियों से मुढभेड़ अब तक दो मारे गए

**श्री नगर।** कश्मीर के अनंतनाग के दोरू इलाके में स्थित क्रीरी में सुरक्षा बल और आतंकियों के बीच एनकाउंटर जारी है। एनकाउंटर में सुरक्षा बलों ने एक और आतंकी मारा गिराया। अब तक ऑपरेशन में 2 आतंकी मारे जा चुके हैं। आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि एनकाउंटर सोमवार रात से लगातार चल रही है। सोमवार को लश्कर का कमांडर निसार डार को ढ़ेर किया गया था। आईजीपी के मुताबिक, अभी भी कुछ आतंकी के छिपे होने की खबर है। सर्च ऑपरेशन जारी है।

## सीएम शिवराज ने विदेश यात्रा निरस्त की , आज की बैठकें की कैंसिल

# जून में होंगे पंचायत-निकाय चुनाव




### 30 राज्य निर्वाचन आयुक्त बोले जून तक दोनों इलेक्शन कराएंगे

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि नगरीय निकाय चुनाव जून में हो सकते हैं। दरअसल हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने बिना OBC आरक्षण के लोकल बॉडी इलेक्शन कराने का आदेश दिया था। जिसके बाद बुधवार को राज्य निर्वाचन आयोग की बैठक हुई। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने कहा- नगरीय निकाय चुनाव कराने के लिए हम आज ही तैयार हैं। 12 जून तक एक चुनाव कराया जाएगा। 30 जून तक दोनों चुनाव कराए जाएंगे। नगरीय निकाय चुनाव कराना आज की तारीख में आसान है, आरक्षण और परिसीमन दोनों हैं। पंचायत चुनाव में आरक्षण बाकी है। आज पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की है। आयुक्त ने कहा कि हर हाल में जून में चुनाव होंगे। चुनाव की तैयारियों के लिए कलेक्टर्स को भी निर्देश दिए हैं।



उधर पुनर्विचार याचिका लगाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहन ने सुप्रीम कोर्ट में पुनःसंशोधन पुनर्विचार याचिका दायर करने के लिए 14 मई से अपना विदेश दौरा निरस्त कर दिया है। साथ ही आज इस यात्रा को लेकर होने वाली बैठकें भी कैंसिल कर हैं। इसकी वजह बताते हुए सीएम श्री चौहान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश में निकाय-पंचायत चुनाव बिना OBC रिजर्वेशन के ही कराने का आदेश दिया है।

### मप्रमें आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए खुलेगी NIA की ब्रांच



मध्यप्रदेश में NIA (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) की ब्रांच खोली जाएगी। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि जल्द ब्रांच खोली जाएगी। NI का गठन भारत में आतंकवाद से लड़ने के लिए सरकार ने किया था। 31 दिसंबर 2008 को संसद में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ऐक्ट 2008 पास किया गया था। यह आतंकवाद के मामलों की जांच करने वाली राष्ट्रीय जांच एजेंसी है। एजेंसी देश में आतंकवाद से जुड़ी किसी भी जांच के लिए स्वतंत्र है, इसके लिए इसे राज्यों की मंजूरी की जरूरत नहीं है।

## मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

# सरकारी कर्मचारी ने दोबारा की शादी तो तीसरी बार भी मिल सकती है मैटरनिटी लीव



**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने हाल ही में एक आदेश में कहा कि एक सरकारी कर्मचारी तीसरी बार मैटरनिटी लीव (मातृत्व अवकाश) की हकदार है यदि वह अपने पहले पति को तलाक देने के बाद पुनर्विवाह करती है और प्रेग्नेंट हो जाती है। सामान्य परिस्थितियों में मैटरनिटी लीव की अनुमति सिर्फ दो बार दी जाती है। दरअसल एक स्कूल की टीचर ने प्रियंका तिवारी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में तिवारी ने कहा था कि स्कूल शिक्षा विभाग को आदेश दिया जाए, कि उन्हें तीसरे बच्चे के लिए मैटरनिटी लीव दी जाए। तिवारी ने तलाक के बाद शादी की थी और उसके बाद गर्भ धारण किया था। तिवारी की पिछली शादी से उसके दो बच्चे हैं और सिविल सेवा नियमों के अनुसार, महिला कर्मचारी को केवल दो बार मैटरनिटी लीव का मिलती है।

**HC ने दिया मैटरनिटी लीव देने का आदेश** तिवारी की याचिका में कहा गया है कि अगर कोई महिला कर्मचारी तलाक के बाद दोबारा शादी करती है, तो उसे दो बार से ज्यादा मैटरनिटी लीव मिलनी चाहिए। हाई कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्कूल शिक्षा विभाग को आदेश दिया कि तिवारी को तीसरी बार मातृत्व अवकाश दिया जाए।

# देशद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक रोक

### नहीं दर्ज होंगे नए केस, पुराने केसों में भी कोर्ट से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशद्रोह कानून पर अब रोक लगाने का फैसला दिया है। अब इसके तहत नए केस नहीं दर्ज हो सकेंगे। इसके अलावा पुराने मामलों में भी लोग अदालत में जाकर राहत की अपील कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने भी अपना पक्ष रखा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्र ने कानून पर पुनर्विचार के लिए एक मसौदा तैयार किया है। मसौदे में कहा गया है कि देशद्रोह के आरोप में प्राथमिकी तभी दर्ज की जाएगी जब एसपी रैंक के पुलिस अधिकारी के पास इसके लिए एक वैध कारण हो। इससे पहले तुषार मेहता ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि केंद्र देशद्रोह कानून पर पुनर्विचार करने की प्रक्रिया में है। मेहता ने आज की सुनवाई के दौरान तर्क दिया कि जहां एक संज्ञेय अपराध है, वहां संवैधानिक अदालत द्वारा जांच पर रोक लगाना उचित नहीं है। न्यायिक अधिकार के तहत एक जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जांच की जाए। राजद्रोह कानून लागू करने से संबंधित लंबित मामलों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा- यह एक संज्ञेय अपराध है। हम प्रत्येक लंबित अपराध की गंभीरता को नहीं जानते हैं। आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग या कोई अन्य अपराध हो सकता है।



**क्या है देशद्रोह कानून**

सुप्रीम कोर्ट देशद्रोह पर कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। आरोप है कि विभिन्न सरकारों द्वारा राजनीतिक दुश्मनी के चलते इस कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। जुलाई 2021 में SC ने केंद्र से पूछा था कि वह औपनिवेशिक युग के कानून को निरस्त क्यों नहीं कर रहा है जिसका इस्तेमाल अंग्रेजों ने महात्मा गांधी को चुप कराने के लिए किया था। तब भारत के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना ने पूछा था कियह महात्मा गांधी को चुप कराने के लिए अंग्रेजों द्वारा इस्तेमाल किया गया कानून था। क्या आपको लगता है कि यह कानून अभी भी आवश्यक है? अदालत ने इस बात पर जोर दिया था कि उनकी मुख्य चिंता देशद्रोह कानून का दुरुपयोग और इसका इस्तेमाल करने में एजेंसियों की जवाबदेही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, च्दुरुपयोग का एक गंभीर खतरा है।



# ट्रेन में अब बेफिक्र नींद लेंगे मां और बच्चा

## रेलवे ने की बेबी बर्थ की पेशकश

**नई दिल्ली।** शिशुओं के साथ सफर करने वाली महिला यात्रियों की रेल यात्रा को आरामदेह बनाने के मकसद से रेलवे ने प्रायोगिक तौर पर लखनऊ मेल की निचली बर्थ में मुड़ने योग्य बेबी बर्थ लगाई है। अधिकारियों के मुताबिक, बेबी बर्थ पर यात्रियों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर इसे अन्य ट्रेन में भी उपलब्ध कराने की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बेबी बर्थ निचली बर्थ से जुड़ी होगी, जिसे उपयोग में न होने के दौरान नीचे की तरफ मोड़कर रखा जा सकेगा। अधिकारियों के अनुसार, बेबी बर्थ 770 मिलीमीटर लंबी और 255 मिलीमीटर चौड़ी होगी, जबकि इसकी मोटाई 76.2 मिलीमीटर रखी गई है। लखनऊ मेल 12229/30 में 27 अप्रैल को एसी -3 कोच की निचली सीट संख्या 12 और 60 में बेबी बर्थ लगाई गई। उत्तर रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, यह प्रयोग के आधार पर किया गया है और जब हमें यात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी, तब इसका विस्तार किया जाएगा। कुछ और ट्रेन में इसे लगाने तथा लोगों की प्रतिक्रियाएं जानने के बाद हम रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र में जरूरी विवरण डालेंगे, जहां इसे बुक करने का अनुरोध किया जा सकता है।अधिकारी ने कहा, बुकिंग व्यवस्था वैसे ही होगी, जैसे हम फिलहाल वरिष्ठ नागरिकों के लिए निचली सीट की पेशकश करते हैं। यात्री के यह बताने पर कि वह बच्चे के साथ यात्रा करेगा, हम उसे यह सीट दे देंगे।

# भीलवाड़ा में फिर सांप्रदायिक तनाव!



**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा में एकबार फिर सांप्रदायिक तनाव की स्थिति सामने आ गई है। मंगलवार को एक युवक की हत्या के बाद इलाके में जहां इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं, वहीं भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर बुधवार को बंद का आह्वान किया है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को भीलवाड़ा में 22 साल के एक युवक की कथित तौर पर दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा चाकू से गोदकर हत्या किए जाने के बाद तनाव फिर से बढ़ गया। पुलिस ने बताया कि पैसों के विवाद में यह हत्या की गई है। तनाव को देखते हुए भीलवाड़ा के जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने इलाके में इंटरनेट सेवाएं बंद रखने का फैसला किया है। मोदी ने कहा, च्गुरुवार, 12 मई को सुबह 6 बजे तक भीलवाड़ा में इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद और हिंदू जागरण मंच ने इलाके में बंद का ऐलान किया है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले भी भीलवाड़ा में दो समुदायों में बवाल हुआ था। इस विवाद में आगजनी भी हुई थी और दो लोग घायल भी हुए थे।



# श्रीलंका में अपनी कोई सेना नहीं भेज रहा भारत

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में आर्थिक संकट के बाद गृह युद्ध जैसे हालात हैं। ऐसे में खबरें आ रही हैं कि भारत श्रीलंका में अपनी सेना भेज रहा है। हालांकि एक बार फिर से इन अफवाहों पर विराम लगाते हुए भारत ने साफ कर दिया है कि वह श्रीलंका के लोगों के साथ है और इस तरह की खबरें केवल अफवाह हैं। भारतीय उच्चायोग ने श्रीलंका में अपनी सेना भेजने के बारे में मीडिया और सोशल मीडिया पर चल रही रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन किया है। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि इस तरह की रिपोर्ट और रुख भारत सरकार की स्थिति के अनुरूप नहीं हैं। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट कर कहा कि भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कल स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत श्रीलंका के लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक सुधार का पूरा समर्थन करता है। बता दें कि श्रीलंका की मीडिया और सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें चल रही हैं कि भारत पड़ोसी राज्य में अपनी सेना भेज रहा है।लोगों का प्रदर्शन बुरी तरह से उग्र हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के सरकारी आवास को घेरकर उसमें कई पेट्रोल बम फेंके। गाड़ियों को जला दिया। कई मंत्रियों के घर जला दिए गए हैं। अब तक करीब 200 लोग घायल हुए हैं और 8 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में एक सांसद भी शामिल हैं। इस बीच श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने उन खबरों को अफवाह और गलत करार दिया गया है, जिनमें यह कहा जा रहा है कि राजपक्षे परिवार के सदस्यों ने भारत में शरण ली है। कल खबर आई थी कि सेना ने आदेश जारी किया है कि उपद्रवियों को देखते ही गोली मार दी जाए।

**उच्चायोग ने जारी किया बयान**

# ईसाइयत और इस्लाम में धर्मांतरित होने वाले दलितों को भी मिलेगा आरक्षण?

**नई दिल्ली।** धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों के लिए सरकार जल्द एक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना कर सकती है। दरअसल केंद्र ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 के तहत, ईसाई और इस्लाम में धर्म परिवर्तन करने वाले अनुसूचित जाति के लोगों के लिए एक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना के लिए अंतर-मंत्रालयी चर्चा के आधार पर एक कैबिनेट प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव पर उच्च-स्तरीय चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि इस चर्चा में दलित ईसाइयों को विशेष महत्व दिया जा रहा है। जनवरी से इस मुद्दे पर अंतर-मंत्रालयी चर्चा शुरू हुई थी और हाल ही में समाप्त हुई।

**मोदी सरकार बनाने जा रही है पैनल**

एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, काफी हद तक इस बात पर सहमति बनी कि धर्मांतरित दलितों की स्थिति और जीवन पर एक गहन, साक्ष्य आधारित और डेटा-समर्थित अध्ययन की आवश्यकता है, जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत दिया था। उसी के आधार पर दलित धर्मान्तरितों की सामाजिक-आर्थिक और रहने की स्थिति का आकलन करने के लिए तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया जाएगा। पैनल की रिपोर्ट सरकार की स्थिति के लिए महत्वपूर्ण होगी ।

# अब आंध्र की ओर मुड़ा तूफान असानी

### रेड अलर्ट के बाद आज होने वाला इंटरमीडिएट का एग्जाम टाला गया

**विशाखापट्टनम/भुवनेश्वर/कोलकाता।** साइक्लोन असानी ने 24 घंटे में ही अपना रास्ता बदल लिया है। मंगलवार तक ओडिशा और बंगाल की खाड़ी की ओर जाने की आशंकाओं के बीच चक्रवात ने आंध्र प्रदेश की ओर रुख कर लिया है। मौसम विभाग ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया। यानी तूफान राज्य में तबाही मचा सकता है। इस अलर्ट के बाद राज्य में आज होने वाले इंटरमीडिएट की परीक्षाएं टाल दी गई हैं। द्धस्ष्ठ वैज्ञानिक, संजीव द्विवेदी ने बताया कि चक्रवात



बुधवार सुबह तक काकीनाड़ा एवं विशाखापट्टनम के बीच आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों से टकरा सकता है। इसके बाद यह पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक पहुंच सकता है। आंध्र प्रदेश में इसके चलते रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। तूफान का असर बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में भी रहेगा। 11 से 13 मई तक यहां बारिश होगी।

# मोहाली ब्लास्ट में बड़ा खुलासा

## इमारत और पुलिस वाले थे निशाने पर, एनआईए और सेना को मिले इन सबूतों से चौंके अधिकारी

**मोहाली/चंडीगढ़ ।** पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर सोमवार शाम को हुए हमले में फतेहगढ़, अंबाला और तरनतारन से 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस ने उस लांचर को भी बरामद कर लिया है, जिससे रॉकेट चलित ग्रेनेड (आरपीजी) को दागा गया था। लांचर चीन निर्मित बताया जा रहा है। पंजाब पुलिस के डीजीपी वीके भावरा ने बताया कि आरपीजी में ट्रिनिट्रोटोल्यूइन (टीएनटी) विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। इसका इस्तेमाल आमतौर पर श्रीनगर में आतंकी हमले के दौरान होता रहा है। डीजीपी ने दावा किया, पुलिस को कई लीड मिली हैं, जिनके आधार पर जल्द ही इस केस को सुलझा दिया जाएगा। घटनास्थल पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी



(एनआईए) और सेना की टीमें भी पहुंचीं। उधर, मोहाली पुलिस ने सोहाना थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मोहाली ग्रेनेड हमले के पीछे कथित भूमिका वाले 26 वर्षीय निशान सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पंजाब पुलिस राज्य की खुफिया शाखा के कार्यालय में तीसरी मंजिल पर हुए रॉकेट हमले की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि निशान सिंह तरनतारन जिले का है और उस पर डकैती और फरीदकोट और तरनतारन में आर्म्स एक्ट सहित पांच मामले हैं। पुलिस ने बताया कि आरपीजी हमले से पहले निशान सिंह ने दो आरोपियों को तीन दिन तक अमृतसर में पनाह दी थी। इससे पहले पंजाब पुलिस ने मंगलवार को हमले में इस्तेमाल किया गया लॉन्चर बरामद कर लिया है। अब तक की जांच में पता चला है कि हमलावर अंबाला की ओर भागे हैं। संदिग्ध सफेद रंग की स्विफ्ट कार की आखिरी लोकेशन दप्पर टोल प्लाजा के पास मिली है। सूत्रों ने बताया कि हमलावर स्विफ्ट कार में थे। कार के अंदर से उन्होंने खुफिया मुख्यालय पर आरपीजी को दागा। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर एयरपोर्ट रोड से वाया डेराबस्सी होते हुए अंबाला की ओर जाते दिखे हैं।

### पंजाब को दहलाने की पाकिस्तान की बड़ी साजिश!

**चंडीगढ़।** मोहाली ब्लास्ट की जांच के बीच पंजाब में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान की नई साजिश का खुलासा हुआ है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने एक नया आतंकी गुट बनाया है जिसे लश्कर-ए-खालसा नाम दिया गया है। खुफिया ब्यूरो ने दूसरी एजेंसियों और पंजाब पुलिस को इसे लेकर अलर्ट किया है। इस आतंकी गुट में शामिल लोगों को अफगान लड़ाके ट्रेनिंग दे रहे हैं।इंटेलिजेंस ब्यूरो ने जानकारी दी है कि यह गुट अभी अलग-अलग नाम से सोशल मीडिया पर ऐक्टिव है और वहां पर लोगों की भर्ती कर रहा है। इस ग्रुप में पंजाब, हरियाणा और कश्मीर के स्थानीय अपराधियों को शामिल किया जा रहा है। उनसे हथियारों और नार्को टेररिज्म के अंतर्गत आने वाले पदार्थों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में मदद ली जा रही है।

# बेहतर रिटर्न का झांसा देकर 100 से ज्यादा लोगों से करोड़ों की ठगी

**नई दिल्ली।** विभिन्न स्कीमों में निवेश कराकर देशभर में 100 से ज्यादा लोगों से कई करोड़ रुपये ठगने वाला जालसाज पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपी लोगों को बेहतर रिटर्न का झांसा देता था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। कोर्ट ने आरोपी को भगोड़ा घोषित किया हुआ था।आरोपी के खिलाफ सीबीआई ने शिमला में भी मामला दर्ज कर रखा है। इस मामले में कोर्ट ने उसे और उसके साथियों को भगोड़ा घोषित किया हुआ है। आरोपियों की कंपनी के खिलाफ दिल्ली व शिमला के अलावा हरिद्वार, सहारनपुर, यूपी, हिमाचल, पंजाब और चंडीगढ़ में मामले दर्ज हैं।



# जर्जर सड़क

# बदहाल चौराहों पर नगरनिगम खुद से खर्च कर रहा 40 करोड़, सरकार से भी मांगे 86 करोड़

**जबलपुर, ।करीब ढाई वर्षो से बद्हाल पड़ी सड़कों, बद्हाल हो चुके चौराहों की सुध आखिरकार नगर निगम ने ली है।शहर की आधा दर्जन से अधिक सड़कों का जहां निर्माण शुरू करवा दिया गया है वहीं अन्य सड़कों का डामरीकरण कराने व नए सिरे से सड़कें बनाने सहित चौराहों को संवारने के लिए बजट जुटाने की कवायद की जा रही है।**

नगर निगम ने शहर की ऐसी 33 सड़कों को चयन भी कर लिया है जिनका नए सिरे से डामरीकरण व सीमेंटीकरण किया जाएगा। इसमें से करीब छह से ज्यादा सड़कों का निर्माण भी शुरू हो गया है। बाकी सड़कों के लिए भी जल्द टेंडर निकालने की बात कही जा रही है। बद्हाल सड़कों का पेचवर्क कराने व नए सिरे से सड़कों का निर्माण करने के लिए नगर निगम अपने मद से जहां 44 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। वहीं अन्य सड़कें, चौराहें, उद्यान और फुटपाथों का विकास करने के लिए नगर निगम ने सरकार से 86 करोड़ रुपये के बजट की मांग भी की है। दावा किया जा रहा है कि सरकार से बजट स्वीकृति होने के बाद जल्द विकास कार्य शुरू कराए जाएंगे। आने वाले दिनों में जबलपुर की तस्वीर बदली नजर आएगी।

### दो वर्षो से नहीं मिला फंड

नगर निगम ने 86 करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। अधिकारी ये मानकर चल रहे हैं कि शासन से जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी। क्योंकि कोरोना के चलते सरकार ने शहर के विकास के लिए अभी तक फंड जारी नहीं किया है। अब स्थितियां सामान्य हो गई है। लिहाजा स्वीकृति मिल सकती है। नगर निगम ने भी अपनी तरफ से सड़क, चौराहे, उद्यान, फुटपाथ सहित अन्य विकास कार्य कराए जाने की तैयारी कर ली है।



### ये सड़क बन चुकीं

- करमचंद चौक से नौदरा ब्रिज की सड़क का किया गया डामरीकरण
- तीन पत्ती से मानस भवन रोड भी बनकर तैयार
- तेयब अली से नौदरा ब्रिज तक सड़क का कराया डामरीकरण

### ढाई वर्ष से नहीं हुई सड़कों की मरम्मत, चलना दुश्वार

विदित हो कि शहर की सड़कों की मरम्मत पिछले करीब ढाई वर्ष से नहीं हुई है। प्रमुख सड़कों से लेकर गली, मोहल्ला, कालोनियों की सड़कों की हालात दयनीय हो गई है। जर्जर और गड्ढों भरी सड़कों में वाहन चलाना तो दूर नागरिक पैदल भी नहीं चल पा रहे हैं। नगर निगम ने पहले बारिश फिर दो वर्षों तक कोरोना का हवाला दिया। इसके बाद आर्थिक तंगी बताते हुए सड़कों की सुध नहीं ली। अब जब सड़कें बद् से बद्हाल हो गई है जब कहीं जाकर सड़क, चौराहों की सुध ली जा रही है।

### चौराहे, फुटपाथ का भी कराया जाएगा सौंदर्यीकरण

नगर निगम चौराहों को भी सौंदर्यीकरण कराएगा। इसमें प्रमुख रूप से घमापुर चौराहा, कांचघर, रानीताल, दमोहनाका, धनवंतरी नगर सहित अन्य चौराहों को शामिल करने की बात कही जा रही है। इसके अलावा फुटपाथ व शहर के उद्यानों को भी संवारने का दावा कि जा रहा है।।

### ये सड़कें बनेंगी

- रांझी बड़ा पत्थर के पास सरस्वती स्कूल तक सड़क का डामरीकरण व चौड़ीकरण किया जाएगा।
- भोंगाद्वार के पास भीटा तक एक करोड़ की लागत से सड़क का डामरीकरण कराया जाएगा।
- बिरसा मुंडा तिराहे से शोभापुर ब्रिज की ओर सड़क का निर्माण कराया जाएगा।
- महाराजपुर कमानिया गेट से गवर्नमेंट स्कूल महाराजपुर तक सड़क बनेगी।
- आदि शंकराचार्य चौराहे से महानद्दा तालाब की और सड़क के डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है।
- स्टेट बैंक कालोनी से घड़ी चौक तक बनेगी सड़क धनवंतरी नगर से सांई कालोनी तक
- जेडीए की 41 नंबर स्कीम
- अन्य क्षेत्रों की सड़कें बनाई जाएंगी

# अधिवक्ता परिषद के संयोजन में न्याय केंद के 4 साल पूरे

**जबलपुर।** अधिवक्ता परिषद जबलपुर इकाई (उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय) के संयुक्त तत्वावधान में न्याय केंद्र के स्थापना दिवस के 4 वर्ष पूर्ण होने के संबंध में चतुर्थ वर्षगांठ के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप दुबे प्रान्त संघचालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कहा कि न्याय केंद्र समाज सेवा का अनूठा प्रयोग है उन्होंने कहा कि आज भी समाज मे ऐसे लोग है कि जो कि गरीब है असहाय है बिना पढ़े लिखे है जिनके पास जानकारी का अभाव है ऐसे लोगो के पास न्याय केंद्र को स्वयं जाने की सलाह दी पुराने संस्मरणों न्याय व्यवस्था को लेकर बिट्रिश काल में डॉ भीम राव अम्बेडकर की भूमिका की सराहना की एवम भारत मे अनुशासन समाज को जाग्रत करने का प्रारम्भ डॉ हेडगेवार का अनुसरण को भी साझा किया जो व्यक्ति अपने बारे से हटकर दूसरे की चिंता करता है वही सच्चा सेवा भावी है कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्त अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह बघेल ने की मंचासीन अतिथि के रूप में प्रमोद सक्सेना, तेज कुमार मोढ़, सतपाल चडार, सुशीला पालीवाल, यशवेंद्र ठगले उपस्थित थे । कार्यक्रम के प्रारंभ में माधुरी साकेत सरस्वती वंदना एवं गीत रविंद्र राजपूत द्वारा प्रस्तुत किया गया परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी सुनील कुमार गुप्ता द्वारा दी गईद्य न्याय केंद्र के विस्तार हेतु दो समितियों की घोषणा की गई जिसमें न्याय केंद्र शिविर आयोजन समिति के प्रमुख राममिलन प्रजापति को एवं न्याय केंद्र प्रचार प्रसार समिति के प्रमुख सीमा साहू को नियुक्त किया गया संचालन राममिलन प्रजापति एवम अतिथियों का परिचय सीमा साहू एवम आभार जितेंद्र बेन द्वारा किया गया मनोज शिवहरे द्वारा न्याय केंद्र की फोटो को प्रोजेक्टर मैं दिखाया गया कार्यक्रम में महाकौशल प्रांत के मीडिया प्रभारी सचिन अग्रवाल महासचिव श्री मुकुंद अग्रवाल उच्च न्यायालय जबलपुर इकाई के अध्यक्ष श्री एसपी सिंह एवं प्रांत की महिला सह प्रमुख मैडम नीलम दत्त जी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

**न्याय केंद्र समाज सेवा का अनूठा प्रयोग :डॉ प्रदीप दुबे**



### सर्पदंश और पानी में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में चार-चार लाख की सहायता

जबलपुर। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरणों में पीड़ित परिवारजनों को राहत पहुंचाने के कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी. के निर्देशानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत मझौली तहसील में सर्पदंश से मृत्यु के तीन और पानी में डूबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृत व्यक्तियों के वारसानों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसीलदार मझौली प्रदीप मिश्रा के अनुसार ग्राम लुहारी निवासी दीपक भूमिया की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर पिता दसई राम भूमिया, ग्राम किनगी निवासी धर्मेन्द्र नामदेव की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर पिता छोटेलाल एवं ग्राम धरमपुर के संतोष सिंह की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर पिता को चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम अभाना के हरेन्द्र कुमार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर मां कमलेश देवी को चार लाख रुपये की सहायता राज्य पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत स्वीकृत की गई है। तहसीलदार मझौली ने बताया कि चारों प्रकरणों में सहायता राशि का भुगतान वारसानों के बैंक खाते में जमाकर किया जा चुका है।

# जबलपुर की पटोरी ग्राम पंचायत में जिंदा को मकान नहीं, मुर्दों के नाम आवंटित हो गया पीएम आवास

## ग्राम पंचायत सचिव का फर्जीवाड़ा सुन कलेक्टर भी हैरान

**जबलपुर,यशभारत।** मझौली जनपद पंचायत के पटोरी ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा सामने आया है मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे 157 लोगों की सूची में से 47 नाम काट दिए गए हैं इनमें वे नाम शामिल हैं जो मजदूरी करते हैं जिनके पास मकान नहीं है जिनके पास जमीन नहीं है वही जो नई सूची है उसमें सह सचिव के परिवार के ऐसे सदस्यों के नाम हैं जिनके नाम पर जमीन भी है और पक्के मकान भी बने हुए हैं दो पहिया वाहन भी हैं सबसे बड़ी हैरान करने वाली बात यह है कि जिसकी मौत 1 साल पहले हो गई थी उसका नाम भी प्रधानमंत्री आवास की सूची में है मुर्दों के नाम सूची में रखे गए हैं जबकि जीवित गरीबों के नाम सूची से काट दिए गए हैं यह शिकायत राजेश तिवारी अतुल पांडे मनोज शुक्ला जित्तू साहू सुखचैन मिश्रा शशि भूषण पांडे तुलसीराम शुक्ला



बृजेश पटेल त्रिलोक चंद साहू मनीष साहू राजकुमार नामदेव नंदकिशोर झारिया आदि है।

श्रवण कुमार मिश्रा सह सचिव के चाचा हैं जिनके नाम पर जमीन है और पक्का मकान भी बना है इनके पास बाइक भी है और इनका नाम सूची में शामिल किया गया है इसके अलावा संत कुमार मिश्रा जिनका पक्का मकान बना हुआ है जिनके नाम पर जमीन है उनका नाम भी सूची में शामिल है इनके पास भी मोटरसाइकिल है।

### सचिव के रिश्तेदारों के नाम पीएम आवास में

श्रवण कुमार मिश्रा सह सचिव के चाचा हैं जिनके नाम पर जमीन है और पक्का मकान भी बना है इनके पास बाइक भी है और इनका नाम सूची में शामिल किया गया है इसके अलावा संत कुमार मिश्रा जिनका पक्का मकान बना हुआ है जिनके नाम पर जमीन है उनका नाम भी सूची में शामिल है इनके पास भी मोटरसाइकिल है। महेंद्र गौड, प्रदीप प्रधान, सुशील रजक, चन्दन मेहरा, गोविंद चक्रवर्ती, अनिल चक्रवर्ती, रविन्द्र शुक्ल, प्रेम शंकर पटेल, कृष्णा बाई, राजकुमार, मनोज रजक, जैनेन्द्र, पुष्पराज, अर्पित, सुखचैन, रामप्रकाश, राघवेन्द्र शिव चरण, नवीन शुक्ल, राकेश, चन्दवती, राकेश यादव, त्रिलोक चन्द्र, आशीष साहू, उमाशंकर, सुनील, शशिभूषण अतुल पांडे, प्रशांत, अरविंद, आनंद, योगेन्द्र, धनीराम दाहिया, सत्येंद्र, गनेश, ओमप्रकाश, सौरभ पटेल सहित बडी संख्या ग्रामीणों ने पहुंचकर कलेक्टर से शिकायत की।

# जीसीएफ में नई वर्क्स कमेटी का गठन

### आशीष विश्वकर्मा उपाध्यक्ष राजा पांडे सचिव चुने गए

**जबलपुर यशभारत।** विगत21अप्रैल को संपन्न हुए वर्क्स कमेटी के चुनाव के बाद9मई को दो वर्षों के लिए विधिवत गठन कर दिया गया है।कर्मचारियों की ओर से चुने गए10प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन की ओर से10अधिकारियों को महाप्रबंधक की ओर से नामित किया गया।महाप्रबंधक के प्रतिनिधि के रूप में यू श्री निवास कार्यसमिति के पदेन अध्यक्ष बने।जबकि चुने गए कर्मचारियों के प्रतिनिधि आशीष विश्वकर्मा उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए।सचिव पद पर राजा पांडे को चुना गया है।विगत9मई को कार्यसमिति की पहली बैठक हुई।जिसमें पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न होने के बाद प्रबंधन ने आदेश जारी कर9मई से कार्यसमिति को दो वर्षों के अस्तित्व में बने रहने विधिवत का आदेश प्रसारित कर दिया है।सह सचिव के रूप में प्रबंधन पक्ष की ओर से उपमहाप्रबंधक दुष्यंत कुमार को नामित किया गया है।इसी के साथ संरक्षा मेडिकल श्रम कल्याण कमेटी और अन्य कमेटियों का गठन किया जाएगा।

# जीआईएफ में सुरक्षा उपकरण के आभाव में दुर्घटनाएं

**जबलपुर यशभारत।** जीआईएफ के सभी अनुभागों में ऐसा देखा जा रहा है कि कार्य के अनुसार सेफ्टी उपकरण एव टूल्स उपलब्ध नहीं है। विषेशकर फाउंडरी अनुभाग के फेटलिंग ग्रुप में सेफ्टी उपकरणों जैसे- ग्राइंडिंग फेस शील्ड रेसपेरेटर मास्क हेलमेट सेफ्टी गागल्स एप्रोन हैंड ग्लोवस (कार्यानुरूप) लेग गाई हैंड स्लीव्स, इत्यादि कार्य के अनुरूप लगने वाले सभी आवश्यक सेफ्टी उपकरण उपलब्ध नहीं है।सेफ्टी उपकरणों के आभाव पर कर्मचारियों के ऊपर दबाव बनाकर बिना सेफ्टी उपकरणों के कार्य करने को मजबूर किया जा रहा है। जो कि कारखाना अधिनियम का साफ साफ उलंघन है। साथ ही सेफ्टी उपकरणों के अनुपलब्धता के कारण कर्मचारियों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है एवं दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यह भी देखा गया है की उच्च उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले ग्राइंडिंग व्हील की वैधता को समाप्त होने के बाद भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है। संरक्षा के उपकरण न होने के कारण कर्मचारियों के आँखों में इस्ट एवं लोहे के बारीख कण प्रतिदिन जा रहे है ।जिससे आँखों को क्षति पहुँच रही है ।आए दिन कर्मचारी को अपनी आँखों का इलाज कराने के लिए डॉक्टर के पास जाना पड़ा रहा है। विभिन्न अनुभागों में कार्य के लिए जो टूल्स उपलब्ध कराए जा रहे है वह कार्य के अनुरूप नहीं है ।अनुभाग प्रमुख द्वारा असुरक्षित टूल्स से कार्य करने का दवाब बनाया जा रहा है। जो किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण है।ऐसा लगता है प्रसाशन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतज़ार कर रहा है । दुर्घटना होने के उपरांत ही कार्यवाही का इंतजार किया जा रहा है। इसीलिए वर्क्स कमेटी सचिव राकेश दुबे भूपेन्द्र विश्वकर्मा रिफैत रिजवी दमन मुरमू राजेंद्र कुर्मी आदि ने कार्य समिति अध्यक्ष को पत्र लिखकर मांग की है कि समय रहते इस पर उचित कार्यवाही कर इसका निराकरण किया जाए।



**वर्क्स कमेटी सचिव ने प्रबंधन को पत्र लिखकर जताई चिंता**




# निधि आपके निकट एवं पेंशन अदालत में निपटे 8 मामले

**जबलपुर।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर में मंगलवार को आयोजित निधि आपके निकट एवं पेंशन अदालत में अपनी षिकायतों के साथ उपस्थित हुये भविष्य निधि सदस्यों और पेंशनरों का अभिवादन क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। राकेश सहरावत द्वारा पुष्प भेंट कर किया गया और उन्हें आश्वस्त किया गया कि यथा सम्भव उनकी शिकायतों का निपटान शिविर के दौरान ही पूर्ण से किये जाने का प्रयास किया जायेगा। निधि आपके निकट के दौरान एक बेहद संजिदा मामला सामने आया जिसमें शिकायकर्ता द्वारा बताया गया कि उनके पति द्वारा नगर निगम जबलपुर की सफाई कामगार समिति में लगभग 11 से 12 वर्षो तक कार्य किया गया और दिनांक 23/10/2018 को उनकी मृत्यु हो गयी। परन्तु उनके पास यूएएन/भविष्य निधि खाता संख्या उपलब्ध नहीं होने के कारण वे भविष्य निधि एवं पेंषन लाभ से वंचित हैं। मामले को संज्ञान लेते हुये क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। राकेश सहरावत ने प्रवर्तन अधिकारी को मामले की उच्च प्राथमिकता पर जॉच कर अपनी रिपार्ट प्रस्तुत करने के आदेष जारी किये। इसके साथ ही षिकायतकर्ता से अनुरोध किया गया कि जिन-जिन संस्थानों में उनके पति द्वारा कार्य किया गया है उनसे संबंधित जो भी दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हो उन्हें वे कार्यालय में जमा कराये। इसके अतिरिक्त निधि आपके निकट कार्यक्रम में यूएएन मेम्बर प्रोफाइल में सदस्य के नाम, पिता के नाम एवं जन्म तिथि में सुधार संबंधी दो शिकायतें प्राप्त हुयी जिन पर तुरन्त कार्यवाही करते हुये मेम्बर प्रोफाइल में आवश्यक सुधार किया गया एवं यूएएन को आधार से लिंक किया गया। एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि उन्हें भविष्य निधि का अंतिम भुगतान प्राप्त करने में काफी परेशानी हो रही है। सदस्य की शिकायत पर तुरन्त कार्यवाही करते हुये सदस्य को बताया गया कि भविष्य निधि भुगतान से संबंधित प्रपत्र 19 का निराकरण कर भविष्य निधि राशि का भुगतान उनके बैंक खाते में 10/05/2022 को प्रेषित किया जा चुका है एवं त्रुटिवश जो राशि नियोक्ता द्वारा 58 वर्ष की आयु पूर्ण के बाद भी पेंशन अंशदान में जमा की गयी है उसे नियमानुसार भविष्य निधि में अंतरित कर शीघ्र भुगतान किया जायेगा। 58 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात नियोक्ता द्वारा पेंशन अंशदान जमा किये जाने के एक अन्य मामले में भी सदस्य को नियमानुसार गलत जमा राशि का भुगतान करने के आदेष, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त- द्वारा दिये गये।

## पिछड़ा वर्ग-अल्पसंख्यक वर्ग की बेरोजगारी दूर करेगी मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

# व्यापार शुरु करने के लिए 1 लाख से लेकर 50 लाख तक का मिलेगा लोन

**जबलपुर, यशभारत।** देश में बेरोजगारी की समस्या से तो हर कोई अवगत है। ऐसे में नागरिक पढ़े-लिखे होने के पश्चात भी अपने घरो में बैठे हुए है। केंद्र सरकार हो चाहे राज्य सरकारें सभी अपने राज्य के नागरिकों के लिए रोजगार उत्पन्न करने के लिए तरह-तरह की योजनाओं को जारी करती रहती है। ऐसी एक योजना मध्य प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा शुरू की गयी है जिसका नाम है मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना 2022. यह योजना राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए बनायीं गयी है। इस योजना के माध्यम से मध्य प्रदेश की सरकार बेरोजगार नागरिक को रोजगार हेतु लोन प्रदान करेगी। अगर आप इस योजना से मिलने वाला लाभ प्राप्त करना चाहते है तो आप अपने मोबाइल व कम्प्यूटर के जरिये ऑनलाइन माध्यम से योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति आवेदन फॉर्म भर सकते है। आज हम आपको योजना से सम्बंधित सभी जानकारियों जैसे- मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना क्या है, योजना से मिलने वाले लाभ एवं विषेशताएं, MP Mukhyamantri Udyam Kranti Yojana हेतु पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन की स्थिति कैसे जाने, योजना का ऑनलाइन आवेदन करने की प्रकिया आदि के बारे में बताने जा रहे है।



### मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना 2022

मध्यप्रदेश उद्यम क्रांति योजना को राज्य के मुख्यमंत्री जी ने 13 मार्च 2021 को आरंभ किया था। योजना को शुरू करने का एलान नगरोदय मिशन के उद्घाटन प्रोग्राम में हुआ। योजना के तहत जो युवा नागरिक खुद का उद्योग व स्वरोजगार स्थापित करना चाहते है उन्हें सरकार लोन की सुविधा उपलब्ध करवाएगी। बता देते है, लोन की गारंटी सरकार द्वारा बैंक को दी जाएगी अर्थात नागरिक को कोई भी लोन लेने के लिए किसी तरह की गारंटी देने की आवश्यकता नहीं होगी। योजना की एक खासियत यह भी है कि जो लोग लोन लेंगे उन्हें ब्याज सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। जिससे युवा नागरिक आसानी से आप स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगे और अपने पैरो पर खड़े हो सकेंगे।योजना की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 10 जनवरी 2022 से शुरू की जा चुकी है। नागरिक निर्धारित समय से पहले योजना का आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते है। जो नागरिक सर्विस बिजनेस या नए इंडस्ट्री (उद्योग) शुरू करना चाहते है केवल उन्ही नागरिक को मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत लोन प्रदान करके उनकी सहायता की जाएगी। नागरिक को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 1 लाख से लेकर 50 लाख रुपये तक का लोन दिया जायेगा। जिसमे उद्यम स्थापित करने वाले युवाओं को 50 लाख तक लोन और सेवा सर्विस शुरू करने के लिए 25 लाख रुपये तक लोन मिलेगा। योजना के तहत मिलने वाली लोन राशि लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर किये जायेंगे। इसके लिए आवेदक का बैंक खाता होना जरुरी है जो कि आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।

# कबड्डी शिविर का उद्घाटन आज शाम

**जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर एवं श्री जानकी रमण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्घाटन आज शाम 5:00 बजे महाविद्यालय परिसर पर उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना के द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अभिजात कृष्ण त्रिपाठी द्वारा किया जाएगा खेल अधिकारी डॉ शक्ति सिंह मंडलोई कबड्डी संग सचिव शानू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शाम 5 :00 बजे जबलपुर ही नहीं अपितु मध्य प्रदेश की 2 जानी-मानी टीमें जबलपुर कारपोरेशन और जबलपुर एकेडमी के मध्य प्रदर्शन मैच के साथ ही शिविर का उद्घाटन किया जाएगा समस्त पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# इंजीनियरिंग छात्रा के साथ दुराचार

## घरवालों से मिलाने ले गया प्रेमी फिर की ज्यादती

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज में एक इंजीनियरिंग छात्रा के साथ दुराचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती के पहले तो अपने प्रेम के जाल में फंसाया और परिजनों से मिलवाने के बहाने घर ले गया जहां उसके साथ ज्यादती कर दी। जब युवती ने विरोध किया तो शादी का झांसा देकर मुंह बंद करा दिया। जिसके बाद आरोपी करीब पांच महिनों से रेप कर रहा था। लेकिन जब युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी साफ मुकर गया। जिसके बाद रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी को दबोच लिया।



पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि बड़ी उखरी निवासी 24 वर्षीय युवती ने बताया कि वह इंजीनियरिंग की

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

छात्रा है। करीब पांच महीने पहले उसकी मुलाकात अर्पित जैन से हुई। जिसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और उससे बातें करता रहा।

### शादी करने का दिया प्रस्ताव

पीड़िता ने बताया कि अर्पित ने उससे शादी करने का प्रस्ताव दिया था और कहा था कि वह उससे सच्चा प्यार करता है। जिसके बाद वह झांसे में आ गयी और मुलाकात के लिए यहां-वहां ले जाया करता था।

### कहा-चलो परिजनों से मिल लो

पुलिस ने बताया कि युवती को अपने झूठे प्रेमजाल में फंसाकर आरोपी ने पूरी योजना के साथ युवती को अपने परिजनों से मिलाने के बहाने घर ले गया और फिर वहां ले जाकर, कमरे में उसके साथ ज्यादती कर दी। युवती ने जब मना किया तो सच्चे प्यार का भरोसा दिलाया।

### कहा- नहीं करुंगा शादी

आरोपी अर्पित जैन की स्वयं की दुकान चलाता था। जब पीड़िता ने आरोपी से शादी करने की बात कहीं तो वह मुकर गया और कहीं और शादी करने का दबाव बनाने लगा। जिसके बाद पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई को अंजाम दिया।

# जीवन को जियो नहीं उत्सव बनाओ : स्वामी अशोकानंद

### ग्वारीघाट भक्तिधाम में श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह प्रारंभ



**जबलपुर।** जीवन सुखमय बनाने दैनिक चर्या और हरि स्मरण आवश्यक है। जीवात्म का संसार मे जीवन मात्र सप्त दिवसीय ही है इसलिए उसे निरसता से जीने से बेहतर हरिनाम संकीर्तन करते उत्सव मनाते हुए व्यतीत करे। उक्त उदगार नर्मदा तट भक्तिधाम ग्वारीघाट जबलपुर में श्रीहरि नारायण के अवतारो के परम पुनीत वैशाख मास के अवसर पर कथावाचक अशोकानंद ने कहे। कथा के प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव वैशाख शुक्ल सीता नवमी के विशेष संयोग मे भगवान श्रीहरि नारायण के वांग्मय स्वरूप श्रीमद्भागवत महापुराण का श्रवण का विशेष पुण्य कारी महत्व है । शुरू में कलश स्थापन , पोथी पूजन कर मां नर्मदा का आवाहन किया गया। इस अवसर पर डा जितेंद्र जामदार ,मेहर यादव ,पं वेदांत शर्मा ,पप्पू लालवानी ,प्रिंस उमेश पारवानी सहित भक्तिधाम ग्वारीघाट भक्त मंडल के भाविक श्रृध्दालु बडी संख्या मे उपस्थिति रहे। नवग्रह श्रीपीठ षोषश मातृका श्री राधा कृष्ण श्रीमद्भागवत महापुराण का वैदिक पूजन आचार्य रामफल शास्त्री पं आशीष, पं पुष्पराज तिवारी पं शिव शंकर सहित आचार्य गणो ने किया।

# डीजे बंद कराया तो ,भांजी तलवार, बरसाए डंडे



**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के चौधरी मोहल्ला में बारात में डीजे बंद कराने को लेकर जमकर बवाल हुआ। जिसके चलते चार आरोपियों ने एकराय होकर बाप और बेटे पर तलवार और डंडों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार विशाल अहिरवार 22 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला रामपुर ने बताया कि उसके मामा सुखदेव की बेटी की शादी थी जिसके चलते सिंधी कैंप गए हुए थे। वहां से वापस आये तभी तभी चौधरी मोहल्ला रामपुर अपने घर के पास थे वहां पर बाटा , कालू, लच्छू , विज्जू चौधरी चारों एक राय होकर उसे एंव उसके पापा एवं भाई से गाली गलौज करते हुये कहा कि डीजे बंद क्यों कराया था कहते हुये चारों मारपीट करने लगे, बाटा ने तलवार से हमलाकर किया। लच्छू ने चाकू से हमला किया तो वहीं कालू ने डंडे से हमलाकर गोपाल के सिर में , पीठ सीना एवं विज्जू ने डंडे से हमलाकर उसके पिता लोकमन के हाथ, कंधे को घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुये चारों वहां से भाग गये

**गोरखपुर में चार बदमाशों ने बाप-बेटे को किया लहूलुहान, एफआईआर दर्ज**

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

# पत्नी के ऊपर से निकल गया चक्का, दर्दनाक मौत

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर के बघेली वायपास के पास जबलपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक, वाहन समेत नीचे गिर गया। इस दौरान बाइक में पीछे बैठी पत्नी ट्रक के पहिनों की चपेट में आ गयी। जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस को आकाश कोल 25 वर्ष निवासी ग्राम जटवा ने बताया कि उसका साला राजा कोल , उसकी पत्नी रीता कोल एवं मामी दशोदा कोल का बाइक में बैठाकर जटवां से रांझी के लिये निकला था। वह भी पीछे पीछे अपनी बाइक से जा रहा था। बघेली वायपास के पास जबलपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एपी 24 टीबी 0299 के बेकाबू चालक ने राजा कोल की बाइक में टक्कर मार दी । जिससे तीनों नीचे गिर पडे, पत्नी रीता कोल 23 वर्ष को सिर ,मुंह सीना में गम्भीर चोट आने से मौके पर ही मृत्यु हो गयी। दशोदा कोल एवं राजा कोल को भी गंभीर चोटें आई हैं , दसोदा कोल को शासकीय अस्पताल पनागर से इलाज हेतु जबलपुर रेफर किया गया है। श्रीमति रीता कोल के शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।



# चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने उकेरे मनभावन चित्र




**जबलपुर।** अखिल भारतवर्ष महिला परिषद मननमती शाखा रांझी द्वारा समर हॉलीडेज में पाठशाला के बच्चों द्वारा चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमें प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आराध्या जैन एवं पूर्वी जैन द्वितीय पुरस्कार चीनी जैन अंशिका जैन , तृतीय पुरस्कार अखिला जैन सांत्वना पुरस्कार आदविक जैन वीरा जैन आदि जैन अवि जैन समी जैन , जैनम जैन अर्थ जैन भव्य जैन रिमझिम जैन लाभांश जैन आदि। सचिव शिल्पी जैन धार्मिक मंत्री प्रीति जैन रीना जैन निधी मुन्नी जैन विघा जैन मधू जैन आदी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।




**का मामला**

# प्रेमिका के लिए तोड़ी 9 साल पुरानी शादी

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी में पति-पत्नी और वो का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पति ने 9 साल पुराने शादी के पवित्र रिश्ते को अपनी प्रेमिका के लिए पल भर में तोड़ दिया और तो और बच्चे की मासूमियत भी आरोपी पति को रास नहीं आई। रोज के ताने और मारपीट से तंग आकर पीड़िता ने थाने में गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम कर , जांच में लिया है।

### बच्चे को लेकर दर-दर भटक रही पीड़िता

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 25 वर्षीय महिला निवासी मोहनी तिराहा ने बताया कि उसके पति राहुल का किसी अन्य महिला के साथ संबंध है। शादी के इतने वर्ष व्यतीत होने के बाद भी पति अपनी प्रेमिका को छोड़ने तैयार नहीं है और उससे शादी कर लेने का ताना मारकर, उसे घर से धक्के मारकर भगा दिया है। जिसके बाद अब वह दर-दर की ठोकरें खा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, विवेचना में लिया है।

# भाजयुमो सोशल मीडिया की कमान पुनः प्रशांत गुप्ता के हाथ



जबलपुर । भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर के अनुमोदन के पश्चात भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रशांत गुप्ता को युवा मोर्चा महानगर का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया वे पूर्व में मंडल उपाध्यक्ष एवं पिछली कार्यकारिणी में भी नगर सोशल मीडिया प्रभारी पद पर कार्यभार संभाल चुके हैं !

# म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



जबलपुर। म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष एवं प्रांतीय सचिव रविकांत दहायत के नेतृत्व में कई मांगों का ज्ञापन कार्यपालन यंत्री मेसनरी बांध एवं कार्यपालन यंत्री विद्युत यात्रिक संभाग क्र 02 बरगी नगर जबलपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विभागीय अध्यक्ष दिवेन्द्र कुमार पटेल बरगी नगर, ब्लाक अध्यक्ष संतोष पटेल, तहसील अध्यक्ष महेन्द्र राय, राजकुमार केवट, वैधनाथ अडियर, बाल गोविन्द माली, विश्वास लाजरस, प्रेम नारायण ठाकुर, राकेश वडीले, बीरेन्द्र सिंह, बसंत कुलस्ते आदि जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## सास-ससुर को सपने में दिखते हैं रुपए

# गर्भवती बहू नहीं ला पाई दहेज तो दो बच्चों के साथ धक्के मारकर घर से बाहर किया

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के हनुमानताल में रहने वाले एक परिवार का अनोखा मामला सामने आया है। परिवार की पीड़िता बहू ने थाने में सास-ससुर और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि सास-ससुर और पति को सपने में दहेज के पैसे नजर आते है और यही सपना पूरा करने के लिए वह उससे दहेज मांग रहे है। जब वह दहेज की मांग पूरी नहीं कर पाई तो उसे दो बच्चों के सहित घर से धक्के मारकर भगा दिया गया। पीड़िता का कहना है कि वह गर्भवती है, तीसरे बच्चे का जन्म भी होने वाला है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, प्रकरण को विवेचना में लिया है।

### पीड़िता की कहानी, उसी की जुबानी

पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि करीब चार साल पहले आरोपी इमरान खान से उसकी मुलाकात हुई थी। वहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद परिजनों ने एक समाज में होने के कारण निकाह करा दिया। लेकिन निकाह के 4 महिने बाद से ही सास और ससुर दहेज की मांग करने लगे। इतना ही नहीं पति भी अपने परिजनों की बातों में आ गया और उससे दहेज में बाइक की डिमांड करने लगा। जब उसने विरोध करते हुए कहा कि शादी में हैसियत के हिसाब से दहेज दिया था। लेकिन पति ने कहा कि बाइक लेकर आओ नहीं तो घर पर लौटना और दो बच्चों के साथ धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। अब वह गर्भवती है और मायके में रह रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऋत्विक पांडेय भाजयुमो में सोशल मीडिया प्रभारी



**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद मा. विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार की सहमति एवं भाजपा जिला को जबलपुर अध्यक्ष जीएस ठाकुर के अनुमोदन के पश्चात् युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ठाकुर की सहमति से ऋत्विक पाण्डेय च्द्राऊज् महानगर कार्यकारिणी में सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# मिथिला मैथिल मंच ने मनाई जानकी नवमी



जबलपुर यशभारत। संस्कारधानी में रह रहे मैथिल समाज, मिथिला मैथिल मंच जबलपुर के तत्वावधान में गत दिवस जी.सी.एफ. सीनियर स्टाफ क्लब जबलपुर में जगत जननी मां जानकी जन्मोत्सव (जानकी नवमी) पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।जिसमें मंच द्वारा नारी सशक्तिकरण की परिभाषा को चरितार्थ करने हेतु मंच संचालन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति का संपूर्ण दायित्व सक्रिय महिला सदस्यों को दिया गया। जिसे महिला सदस्यों ने बखूबी दायित्व निभाते हुए सफलतापूर्वक संपन्न किये। कार्यक्रम संरक्षक श्रीकान्त झा अध्यक्ष श्रीनारायण झा सचिव सुब्रत मिश्रा कोषाध्यक्ष दीपक मिश्रा संयुक्त सचिव मनोज श्रीवास्तव संस्थापक सदस्य सरोज कुमार झा संजय मिश्रा और श्याम झा एवं मिथिला मैथिल मंच के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। मंच संचालन श्रीमती वाणी झा के द्वारा किया गया।

# जंगलों और पहाड़ों में निवास करने वाली जनजाति के सर्वांगीण विकास की पहल

**वनवासी विकास परिषद द्वारा जनजाति गौरव विशेषांक का केशव कुटी में हुआ विमोचन**

**जबलपुर** । वनवासी विकास परिषद महाकोशल की वार्षिक पत्रिका वनवासी किरण के जनजाति गौरव विशेषांक 2021-22 का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाकोशल प्रांत प्रचारक प्रवीण गुप्त की उपस्थिति में प्रान्त संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे, गेल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक सीए अखिलेश जैन और वनवासी विकास परिषद के प्रांत संगठन मंत्री किशोरीलाल यादव द्वारा केशव कुटी में एक सादे समारोह में किया गया। ज्ञात हो कि वनवासी विकास परिषद अनुसूचित जनजाति तथा जंगलों, पहाड़ों में निवास करने वाली अन्य पिछ?ी जातियों के सर्वांगीण विकास हेतु सेवा कार्यों का संचालन करती है। वर्तमान में 6 छात्रावास, 90 एकल विद्यालय,1 प्राथमिक विद्यालय, 1 वाचनालय, 10 महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, 43 स्वसहायता समूह, 270 ग्राम आरोग्य रक्षक, 332 खेलकूद केंद्र, 828 लोक संस्कृति उत्थान केंद्र, 137 लोककला केंद्र आदि हैं ।

### भक्तिमति शबरी का भावपूर्ण मंचन

# नवासी लीला के अंतर्गत दो दिवसीय नाट्य समारोह आयोजित

जबलपुर। राम कथा साहित्य में वर्णित विभिन्न मानवीय चरित्रों पर आधारित वनवासी लीला के अंतर्गत दो दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन स्थानीय मानस भवन जबलपुर में आयोजित किया गया । जिसके अंतर्गत आज भक्तिमति शबरी का मंचन नाट्यलोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा संजय गर्ग के निर्देशन में किया गया । दीप प्रज्वलन डॉ पवन स्थापक डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ,डॉ शैली धोपे , हेमंत सिंह ने किया संचालन राकेश कुरेले ने किया। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया है । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग आगामी दिनों , मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण रंग संस्थाओ द्वारा तैयार इन प्रस्तुतियों का प्रदर्शन मध्यप्रदेश के 89 जनजातीय ब्लॉकों में कराने जा रहा है। इन लीलाओ के मंचन का उद्देश्य है, कि समाज मे सामजिक समरसता का वातावरण निर्मित हो साथ ही युवा पीढ़ी भी रामकथा के महत्वपूर्ण चरित्र माता शबरी के भक्ति भाव और जीवन से परिचित हो । नाटक में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम स्वयं नवधा भक्ति के महत्व के बारे में माता शबरी को बताते हुए बड़े प्रेम से जूठे बैर खाते हुए नजर आते है । नाटक के कर्णप्रिय भक्ति संगीत ने दर्शकों में भरपूर भक्ति भाव का संचार किया , वेशभूषा , रूपसज्जा, मंच परिकल्पना नाटक के अनुकूल थी। बेहतरीन नृत्य संरचना, सधे अभिनय में रची बसी इस रचना में दर्शकों को भावविभोर कर दिया ।

# वत्सला पैराडाइज महिला क्लब का वार्षिकोत्सव



वत्सला पैराडाइज महिला क्लब का वार्षिकोत्सव वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। क्लब की अध्यक्ष ज्योति परांजपे ने कहा कि कोरोना काल अभी खत्म नहीं हुआ है इसलिये सावधानी जरूरी है, सोशल डिस्टेस एवं मास्क का उपयोग करें। जिस तरह दिल्ली में कोरोना की लहर असर दिखाने लगी है आम आदमी एवं माता बहिनों को सावधानी की अत्यंत आवश्यकता है। लायन्स क्लब द्वारा इशिता विश्वकर्मा का शॉल श्रीफल भेंट सम्मान किया गया ।इस अवसर पर सचिव वंदना श्रीवास्तव ने यातायात के नियमों का पालन करने हेतु सभी से आग्रह किया उन्होंने कहा कि हम सभी को यातायात का पालन करना चाहिये एवं हेलमेट का प्रयोग विशेष रूप से करना चाहिये ।इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने बहुत मौज मस्ती की । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये शशिबाला पारे, रमा पटेरिया, अनीषा प्रसाद, मोली संत, डॉली, रश्मि रानी, निशा, विभा वर्मा आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### श्रीमद्भागवत महापुराण मे श्रीकृष्ण रूकमणी विवाहोत्सव

# श्री हरि करते है जगत का मंगल

**जबलपुर।** सांसारिक जीवन में अभिमान नही करना चाहिए, भगवती श्रीहरि के साथ धराधाम पर भगवती रूकमणी सबका कल्याण करती है। धार्मिक आयोजन होने से क्षेत्र मे सुख शांति का वातावरण बनता है उक्त उदगार आचार्य गोविंद शास्त्री ने दुर्गा मंदिर आनंद कालोनी चेरीताल मे श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह मे श्रीकृष्ण रूकमणी विवाहोत्सव पर कहे। श्रीमद्भागवत पोथी पूजन भगवान श्रीकृष्ण रूकमणी के पाणिग्रहण संस्कार मे यजमान सुशीला त्रिपाठी, संजय, संदीप त्रिपाठी,प्रशांत महानूर, आलोक चनपुरिया, गुडडा यादव, विध्येश भापकर, सलिल जैन, पंकज पटेल, आदेश चौबे, नवीन नेमा, शानू बर्मन, शिवान्ज्य महानूर, अंबिका, पवन खंपारिया, गुडडू बर्मन, सन्नी ठाकुर सहित श्रृध्दालुओ की उपस्थिति रही।

# शरीर सौष्ठव प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



जबलपुर। जिला शरीर सौष्ठव संघ के तत्वावधान में 30 दिवसीय शरीर सौष्ठव के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राज्य शरीर सौष्ठव संघ के उपाध्यक्ष शरद अग्निहोत्री द्वारा सदर स्थित मिशन हैल्थक्लब में किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला संघ सचिव सुशील शर्मा ने बताया कि मिशन हैल्थक्लब के संचालक पूर्व मिस्टर जबलपुर लॉरेन्स मार्टिन के मार्गदर्शन में योग्य एवं अनुभवी महिला एवं पुरूष प्रशिक्षक नवागत खिलाड़ियों को शरीर की मांसपेशियों को विकसित कर शरीर को स्वस्थ एवं बलिष्ठ रखने की कला से अवगत करायेंगे ।इस अवसर पर उमाकांत चौकसे, अश्विनी पांडे, प्रशिक्षक नरेन्द्र रजक, गुरूचरण श्रीवास्तव, दिनेश राव, मंजू इंगले, शिल्पी सोनकर, बीथी इंगले आदि उपस्थित थे।




# राजा भोज एयरपोर्ट पर खुलेगी शराब की दुकान

## नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो की अनुमति का इंतजार

**भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट पर जून माह के दूसरे सप्ताह तक यात्रियों को ड्यूटी पेड शराब मिलने लगेगी। एयरपोर्ट अथारिटी ने इसके लिए हाल ही में टेंडर जारी किए थे। एक प्राइवेट कंपनी को अधिकतम आफर के आधार पर शराब की दुकान के लिए जगह आवंटित कर दी गई है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर ड्यूटी फ्री शराब की दुकानें खोली जाती हैं। राजा भोज एयरपोर्ट वैसे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट है लेकिन फिलहाल यहां से एक भी इंटरनेशनल उड़ान नहीं है। इसे देखते हुए यहां ड्यूटी पेड शराब की दुकान खोली जा रही है। अथारिटी ने आगमन क्षेत्र में 40 वर्गमीटर क्षेत्र शराब कंपनी को किराये पर देने की तैयारी की है। बताया जाता है कि शराब की दुकान इसी माह खोली जानी थी लेकिन ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्युरिटी (नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो) की आपत्ति के कारण दुकान नहीं खोली जा सकी है। अथारिटी को उम्मीद है कि जल्द ही अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी हो जाएगा। एनओसी मिलते ही दुकान खोल दी जाएगी।




# नए हमीदिया भवन के ब्लाक ए से डेढ़ सौ नल चोरी



**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में चोर गिरोह सक्रिय है। आलम यह है कि सफाई और सुरक्षा पर हर साल 12 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी अस्पताल के नए भवन के ब्लाक ए से चोर करीब डेढ़ सौ नल निकाल कर ले गए हैं। यह हाल तब है, जब 120 कैमरों से इस अस्पताल भवन की निगरानी की जा रही है। अस्पताल में सभी वार्ड अभी ठीक से शिफ्ट भी नहीं हुए हैं, उसके पहले ही चोरी की घटनाएं इस तरह से बढ़ी है। नलों की चोरियों के बाद अब गांधी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन निर्माण एजेंसी पीआइयू पर दबाव बना रहा है कि निकाले गए नल फिर से लगाए जाएं, लेकिन पीआइयू में इससे साफ मना कर दिया है। इसकी वजह यह कि यह भवन पीआइयू से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित हो चुका है।


# मध्यप्रदेश में सबसे अधिक 65.3 प्रतिशत ओबीसी बालाघाट जिले में

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सबसे बड़ी आबादी बालाघाट जिले में हैं। यहां जिले की जनसंख्या के 67.09 प्रतिशत ओबीसी हैं। दूसरे नंबर पर राजगढ़ है जहां कुल आबादी में 65.03 प्रतिशत ओबीसी हैं। नीमच जिले में 64.6 प्रतिशत आबादी ओबीसी हैं और यह तीसरे नंबर पर है। ये आंकड़े राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने इकट्ठे किए हैं। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में प्रदेश में 47.07 प्रतिशत ओबीसी होने की बात कही है और इसी आधार पर 35 प्रतिशत आरक्षण देने की अनुशंसा की है।

### अब केवल एससी और एसटी के लिए आरक्षित होंगे 22 जिला पंचायत अध्यक्ष के पद

। ओबीसी आरक्षण के बिना ही स्थानीय निकाय चुनाव करवाने के आदेश के बाद अब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पंचायतों-नगरीय निकायों में आरक्षित सीटें अनारक्षित में परिवर्तित हो जाएंगी। सिर्फ अनुसूचित जाति (अजा) और अनुसूचित जनजाति (अजजा) यानि एससी और एसटी वर्ग के लिए आबादी के हिसाब से सीटें आरक्षित होंगी। 52 जिला पंचायतों में 14 जिला अध्यक्ष के पद अजा और आठ अजजा के लिए आरक्षित होंगे। पंच, सरपंच और वार्ड निर्वाचन क्षेत्र भी जनसंख्या के अनुसार आरक्षित किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। विधि विशेषज्ञों से परामर्श किया जा रहा है। शासन को पत्र लिखकर आरक्षण की प्रक्रिया करने के लिए कहा जाएगा। वहीं, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आरक्षण का कार्यक्रम घोषित करेगा।राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को दो सप्ताह में आदेश पर अमल करने के लिए कहा है। इसी में अधिसूचना भी जारी करनी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आदेश का शासन स्तर पर परीक्षण कराया जा रहा है। पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की तैयारी की जा रही है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग भी इसी स्थिति में है।

## जिला - जनसंख्या में ओबीसी (प्रतिशत में)




इंदौर -- 37.07
कटनी -- 51.03
खंडवा -- 43.06
खरगोन -- 42.03
मंदसौर -- 63.04
मंडला -- 32.09
नरसिंहपुर -- 57.03
मुरैना -- 52.04
पन्ना -- 49.02
विदिशा -- 58.08
रायसेन -- 55.01
रीवा -- 42.07
रतलाम -- 45.06
सागर -- 58.03
सतना -- 47.05
सीहोर -- 55.04
सिवनी -- 45.01
शिवपुरी -- 59.01
श्योपुर -- 49.03
सीधी -- 43.05
सिंगरौली -- 44.03
उज्जैन -- 48.07
टीकमगढ़ -- 61.02
उमरिया -- 33.01
शहडोल -- 34.05
आलीराजपुर -- 4.06
अनूपपुर -- 32.01
अशोकनगर -- 55.02
बड़वानी -- 20.04
बालाघाट -- 67.09
बैतूल -- 43.02
भिंड -- 50.04
भोपाल -- 43.08
बुरहानपुर -- 54.05
छतरपुर -- 55.09
दमोह -- 58.07
देवास -- 53.06
दतिया -- 61.02
छिंदवाड़ा -- 52.05
धार -- 29.06
गुना -- 59.03
डिंडौरी -- 26.02
हरदा -- 46.08
ग्वालियर -- 51.03
जबलपुर -- 52.03
नर्मदापुरम -- 55.01
झाबुआ -- 6.34

# नेताओं की जगह डॉक्टरों के नाम पर नए मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षक संघ ने प्रदेश में खोले जा रहे नए मेडिकल कालेजों के नाम प्रदेश के उन ख्यात चिकित्सकों के नाम रखने की मांग की है, जिनका मप्र ही नहीं देश-दुनिया में चिकित्सा क्षेत्र में बड़ा योगदान रहा है। संघ ने कहा है कि अभी इन कालेजों का नामकरण नेताओं के नाम पर किया जा रहा है। यह ठीक नहीं है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुनील अग्रवाल ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में कई ऐसे चिकित्सक रहे हैं जिन्होंने चिकित्सा शिक्षा और मरीजों के इलाज में बड़े मापदंड स्थापित किए हैं। पद्म अलंकरण प्राप्त चिकित्सक भी मध्य प्रदेश में रहे हैं। इनके नाम से कालेज संचालित होते हैं तो यहां अध्ययन करने वाले विद्यार्थी और चिकित्सा शिक्षकों के मन में इनके प्रति सम्मान बढ़ेगा। डाक्टरों की नई पौध उनसे प्रेरित होगी। ऐसे ही चिकित्सकों में एक नाम स्व. डा. बीडी चौरसिया का है। उनका जन्म छतरपुर जिले एक छोटे से गांव में निर्धन परिवार में हुआ था। उनके द्वारा लिखित पुस्तकें दुनिया भर में मेडिकल छात्र पढ़ते हैं।

### एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया काम

उधर, प्रदेश में काम कर रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 30 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मंगलवार से अपनी मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर काम किया। 11 और 12 मई को भी वह विरोध में काली पट्टी बाधेंगे। बता दें कि 2018 के कैबिनेट के निर्णय के अनुसार वह नियमित कर्मचारियों के वेतन का 90 प्रतिशत वेतन देने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए उनका चरणबद्ध आंदोलन मंगलवार से शुरू हुआ है। 19 मई को वह जिला और ब्लाक स्तर पर ताली और थाली बजाकर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो 23 मई से काम बंद कर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे। इनकी हड़ताल से टीकाकरण , नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में नवजातों की देखभाल समेत कई काम प्रभावित होंगे।



# 17 नर्सरियों में 70 लाख पौधे तैयार

## भोपाल के आसपास बढ़ाएंगे हरियाली

**भोपाल।** भोपाल वन वृत्त की 17 नर्सरियों में 70 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। ये भोपाल समेत आसपास के सीहोर, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ में हरियाली बढ़ाएंगे। इनका रोपण बारिश की शुरुआत के साथ किया जाएगा। सबसे अधिक सागौन के पौधे लगाए जाएंगे, क्योंकि नर्सरियों में इस प्रजाति के पौधे ही अधिक तैयार किया जा रहे हैं। सागौन की लकड़ी काफी कीमती होती है। वन विभाग तो इसका रोपण करता ही है, अब निजी, सामाजिक संस्थाएं, किसान भी इसे लगा रहे हैं। इसके अलावा पीपल, बरगद, आंवला, करंज, नीम, बांस प्रजाति के पौधे भी तैयार किए जा रहे हैं। सीताफल जैसे फलदार पौधे भी तैयार किए जा रहे हैं। पहली बार इन नर्सरियों में विलुप्त प्रजाति मे शामिल बीजा, तींसा, गुरुड़ फल, सोनपाठा समेत आठ प्रजाति तैयार की जा रही है। बता दें कि भोपाल की अहमदपुर, भदभदा व इमलिया मुख्य नर्सरी है। इसके अलावा आसपास बाांसापुर, थूना, हलाली, रंगई, बैस समेत 17 नर्सरी है। ये सभी वन विभाग के अतंर्गत सामाजिक वानिकी की नर्सरी है। इनमें पौधों को तैयार किया जा रहा है।

### 45 लाख पौधे वन विभाग लगाएगा

इन नर्सरियों में तैयारिया किए जा रहे करीब 45 लाख पौधे वन विभाग अपने-अपने जंगलों में लगाएगा। बचे पौधे निजी, सामाजिक संस्था, अन्य शासकीय विभाग, एजेंसियां, किसान और इच्छुक लोगों को बेचे जाएंगे। संभावित मांग के अनुरुप हर वर्ष इतने पौधे तैयार किए जाते हैं। सामाजिक वानिकी को इसके लिए बजट मिलता है।

### ये भी खरीदते हैं पौधे

भारतीय सेना समेत विभिन्न सुरक्षा बलों द्वारा पौधे की मांग की जाती रही है, जो इस बार अधिक है। इसके अलाव पंचायतें, एनजीओ, रेलवे भी पौधे खरीदता है। सामाजिक वानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी की संभावित जरुरतों को देखते हुए पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

### प्रदेश में चार करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे

प्रदेश में 173 नर्सरियां हैं। इनमें करीब चार करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से 75 प्रतिशत पौधे जंगलों में लगाए जाने की योजना हैं। जंगलों की जरुरतों व निजी क्षेत्रों में लोगों की मांग को देखते हुए भोपाल क्षेत्र की 17 नर्सरियों में 70 लाख पौधे तैयार कर रहे हैं। **ऐसी प्रजातियों को भी शामिल किया है जो कम मिलती है या मिलती ही नही हैं। - एचसी गुप्ता, सीसीएफ, सामाजिक वानिकी, भोपाल वृत्त**

# भौरी, जमुनिया की सड़क 13 करोड़ की लागत से बनेगी

### स्ट्रीट लाइट भी लगेगी, इलाके की दो लाख आबादी को होगा लाभ, लगभग 08 माह में बनकर होगी तैयार



भोपाल। राजधानी में इंदौर रोड से भौरी, भौरी से भौरी बंगला (भोपाल बायपास) तक 3.5 किलोमीटर की सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण स्ट्रीट लाइट के साथ और ग्राम जमुनिया में 3.10 करोड़ की लागत से दो किलोमीटर सीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। यह काम लगभग 8 माह में पूरा कर लिया जाएगा। इससे क्षेत्र की दो लाख आबादी को सीधा लाभ होगा। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग एवं पंचायत विभाग के राज्यमंत्री रामखिलावन पटेल एवं विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा दोनों सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। बहुप्रतीक्षित इस सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिको में खुशी की लहर है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार 10 मीटर चौड़ी इस सड़क का निर्माण 8 महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। सड़क निर्माण पूरा होते ही यह बायपास मार्ग के रूप में विकसित हो जाएगा। इससे लगभग एक दर्जन से अधिक गांव सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। बरखेड़ा सालम, नीलबड़, खौइरी, तूमड़ा, पाटनिया, धामनिया, परवलिया, बैरसिया जाने वाले नागरिक इस मार्ग को बायपास के रूप में इस्तेमाल कर सकेंगे । भौरी भोपाल बायपास स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल (आइसर) एवं भौरी पुलिस अकादमी जाने वालों के लिए सड़क निर्माण के बाद छह किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। अभी 11 मिल से घूमकर जाना पड़ता है। क्षेत्र में आबादी लगातार बढ़ रही है। सड़क निर्माण होने से ग्रामीण आबादी को काफी सुविधा हो जाएगी सरकारी संस्थानों में आने जाने वाले लोगों को भी लंबे समय से इस सड़क निर्माण का इंतजार था। विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि भौरी के हर घर को नल से जल दिया जा रहा। इसके अलावा सीवेज की समस्या का स्थायी हल करने की दिशा में भौरी को सीवेज नेटवर्क से जोड़ा गया है। उन्होंने समारोह में कहा कि खेल मैदान को स्टेडियम के रुप में विकसित किया जाएगा। खेल कूद की गतिविधियां निरंतर बढ़ें, यह हमारा प्रयास है। युवा खूब खेले आगे बढ़े आगे चलकर वह देश का नाम विश्व पटल पर रोशन करें। जल्द ही गांव बैरागढ़ एवं बरखेड़ा सालम की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। जल्द इन सड़कों का विधिवत भूमि पूजन किया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से सब सड़कों का निर्माण होगा। भूमि पूजन समारोह में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, भगवत विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जांच के बाद 1436 फर्जी सिम नंबर स्थायी रूप से बंद



**भोपाल।** साइबर क्राइम में हथियार के रूप में इस्तेमाल हो रहे 1436 फर्जी मोबाइल नंबर को भोपाल साइबर क्राइम पुलिस ने बंद कराया है। इन फर्जी सिम को ब्लाक कराने के लिए पुलिस ने संबंधित टेलीकाम कंपनियों को पत्र लिख पुन- सत्यापन करने कहा था। पुन- सत्यापन में इनका नाम, पता गलत पाया गया। इसके बाद इन नंबरों को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। साइबर पुलिस ने यह कार्रवाई अनिल शर्मा के साथ हुई ठगी को देखते हुए की है। अनिल ने बताया कि उनके पास दिसंबर 2021 को एक अनजान मोबाइल नंबर से काल आया। कालर ने बताया कि वह एसबीआइ क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से बोल रहा है। वह करैरा जिला शिवपुरी से एक्टिवेट किया गया था। पता भोपाल की दुकान का था। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मोबाइल नंबर एक्टिवेट कराया गया था। जांच में पाया गया कि आरोपितों ने फर्जी दस्तावेजों पर सिम एक्टिवेट कर दिल्ली समेत देश के अन्य राज्यों में साइबर अपराधियों को बेची थी। इस तरह उन्होंने करीब 1500 सिमों को फर्जी दस्तावेजों से एक्टिवेट कराया था। इसके बाद टेलीकाम सर्विस प्रोवाइडर कंपनी वोडाफोन-आइडिया द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए 1436 सिमों को बंद कर दिया गया।

# आइपीएल मैच पर आनलाइन लगवा रहा थे सट्टा, दो गिरफ्तार




**भोपाल।** राजधानी में क्राइम ब्रांच की टीम ने आइपीएल स्पर्धा में मुंबई इंडियंस एवं कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच पर आनलाइन सट्टा खिलाने वाले दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपित पेशे से गायक है। आरोपितों के पास से 7200 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी कि जीटीबी कांप्लेक्स में दो लड़के मोबाइल पर आइडी लेकर आनलाइन क्रिकेट मैच पर सट्टा खिला रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम राहिल खान (24) निवासी रोशनपुरा झुग्गीबस्ती और अमान खान (21) निवासी कोतवाली थाने के पीछे बताया। दोनों के मोबाइल में आइपीएल मैच की आइडी मिली है। आइडी के संबंध में पूछताछ पर आरोपितों ने बताया कि गूगल क्रोम से किंग एक्सजेंच नाम की वेबसाइट से आइडी बनाई थी। इसमें मुंबई इंडियन एवं कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच पर अवैध रुपयों का लेनदेन कर सट्टा खिला रहे थे।

# विश्वविद्यालयों में कृषि, नर्सिंग, पैरामेडिकल के पाठ्यक्रम होंगे प्रारंभ

**भोपाल।** प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कृषि, नर्सिंग, पैरामेडिकल के पाठ्यक्रम भी प्रारंभ करेंगे। शासकीय विश्वविद्यालयों में पैरामेडिकल, मेडिकल के पाठ्यक्रम पीपीपी माडल के आधार पर चलाए जाएंगे। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध सभी शासकीय विश्वविद्यालय अकादमिक विस्तार, अधोसंरचना विकास और आत्मनिर्भर बनने के लिए 25 वर्षों की योजना बनाकर कार्य करेंगे, जिसमें प्रत्येक पांच वर्ष के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। डा. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक कर अकादमिक विस्तार, परीक्षा कार्यक्रम, विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों की भर्ती को लेकर आनलाइन समीक्षा की गई। इसमें निर्णय लिया गया है कि सभी विश्वविद्यालय अधोसंरचना विकास के लिए 25 वर्षों की कार्य योजना बनाएंगे। उज्जैन का विक्रम विश्वविद्यालय, ग्वालियर का जीवाजी विश्वविद्यालय, इंदौर का देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और भोपाल का बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में पीपीपी माडल पर मेडिकल कालेज खोलने की योजना है। विक्रम विवि से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और प्रारंभिक तैयारी के बाद यह प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा। शासकीय विश्वविद्यालयों में नर्सिंग, पैरामेडिकल के पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय में पैरामेडिकल के चार पाठ्यक्रम पिछले वर्ष प्रारंभ किए गए थे, उनका विस्तार किया जा रहा हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर अपने परिक्षेत्र की रिपोर्ट तैयार करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रचार-प्रसार को लेकर व्यापक रूप से कार्य करेंगे। वहीं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय कृषि से सम्बंधित पाठ्यक्रम प्रारंभ करेंगे। सभी विश्वविद्यालयों ने सहमति दी है कि 30 जून तक सभी परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। मंत्री डा. यादव ने कहा कि 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति कार्यान्वयन योजना 2022 का शुभारंभ प्रस्तावित है। सभी शासकीय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को यूट्यूब, एनआईसी वेबकास्ट प्रसारण से महाविद्यालय स्तर पर प्रोजेक्टर युक्त हाल, इंटरनेट की व्यवस्था एवं छात्रों की अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



### 30 मई तक सभी विश्वविद्यालय डिजिलाकर व्यवस्था से जुड़ेंगे

डा. यादव ने बताया कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय एवं उज्जैन का विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सभी प्रकार के दस्तावेज डिजिलाकर के माध्यम से आनलाइन उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल की गई है। मध्यप्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में 30 मई तक डिजिलाकर की सुविधा उपलब्ध होगी। डिजिलाकर की सुविधा के नवाचार से विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों को अपने साथ हर जगह ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डिजिलाकर के माध्यम से विद्यार्थियों को कहीं भी अपनी अंकसूची, उपाधि, डुप्लीकेट मार्कशीट, माईग्रेशन, ट्रांसक्रिप्ट आदि प्रमाण पत्र उपलब्ध हो सकेंगे। सभी विश्वविद्यालय नैक और एनआईआरएफ की रैंकिंग के लिए तैयारी करेंगे। इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को देश के प्रथम 100 संस्थानों में शामिल कराने के लिए एवं ए प्लस प्लस ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन कर गैप एनालिसिस किया गया है। प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए हैं, लेकिन नैक ग्रेडिंग की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए सभी विश्वविद्यालयों में प्रतिनियुक्ति से प्राध्यापकों की पदपूर्ति भी की जाएगी।

### विदेश दौरा निरस्त

तीन विश्वविद्यालयों में 15 सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाए जा रहे हैं डा. यादव ने बताया कि विश्वविद्यालयों में शासन और रूसा मद से बनाए जा रहे सेंटर आफ़ एक्सीलेंस की आनलाइन समीक्षा की गई। तीन विश्वविद्यालयों में 15 सेंटर आफ़ एक्सीलेंस बनाए जा रहे है। इस सत्र में उज्जैन का विक्रम विश्वविद्यालय और जबलपुर का रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में भी सेंटर आफ़ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे। अगले सत्र से जीवाजी विश्वविद्यालय और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में कृषि पाठ्यक्रम भी प्रारंभ करेंगे।



### विधायक विश्नोई,पांडे के समर्थन से फिर जागी आशाए

# सिहोरा जिला के लिए विधायक मरावी आगे आई,मुख्यमंत्री से मांगा समय

**सिहोरा**– सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर पिछले सात माह से चल रहे धरना प्रदर्शन के बाद सिहोरा विधायक आगे आई है और उन्होंने जिला मुद्दे पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने का समय मांगा है।मंगलवार को सिहोरा विधायक ने लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों को अपने कार्यालय बुला उक्त जानकारी दी।विदित हो कि विगत रविवार को ही पाटन विधायक अजय विश्नोई और बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने इस मुद्दे पर अपना समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री के पास साथ चलने का आश्वासन समिति को दिया है।

### सिहोरा वासियों में जागी आश

विदित को कि इससे पूर्व 2001 तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा और 2004 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा सिहोरा जिला घोषित हुआ था परंतु आज 21 वर्षो बाद भी जिला नही बन सका है।तब से ऐसे कयास लगाए जाते रहे कि जिस दिन सिहोरा,पाटन और बहोरीबंद के विधायक एकमत होंगे सिहोरा जिला बन जाएगा।वर्तमान में तीनों विधायकों के एक मत होने से सिहोरावासियों में आश जगी है कि सिहोरा की 21 वर्षो की लंबी राजनैतिक उपेक्षा का अंत होगा।

### 17 मई की रैली जनभावना का प्रगटीकरण

जिला आंदोलन समिति ने घोषणा की कि वे सिहोरा, मझौली,ढीमरखेढा और बहोरीबंद के लोगों के साथ एक विशाल रैली 17 मई को निकालने जा रहे है।इस रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री तक ये संदेश पहुँचाया जाएगा कि सिहोरा जिला जनभावना का विषय है।समिति ने सभी से 17 मई को शाम 4 बजे बस स्टैंड सिहोरा पहुँचने का आह्वान किया है। विधायक से मिलने गये प्रतिनिधि मंडल में समिति के नागेंद्र कुररिया,सियोल जैन, नंदकुमार परौहा, सूरज पाठक,सुनील जैन, राजेन्द्र गर्ग, अजय शुक्ला, रामनरेश यादव, रामजी शुक्ला, एडवोकेट संजय सेंगर,राजभान मिश्रा,नरेंद्र गर्ग ,सुशील जैन, दीपक गुप्ता,अमित चौरसिया सहित अनेक सिहोरावासी मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन तिराहा का मामला



# बीच सड़क में जानलेवा गड्ढा दे रहा दुर्घटनाओं को आमंत्रण

**सिहोरा– रेलवे स्टेशन तिराहा खितौला में सडक पर हुआ गड्ढा बीते एक साल से लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही कभी किसी बडे हादसे का कारण बन सकती है। बीच सडक पर हुए इस गड्ढे को बंद कराने के लिए स्थानीय लोग कई बार जिम्मेदारों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी ने भी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया है।**

### खितौला का व्यस्ततम तिराहा है

जहां से कृषि उपज मंडी, सिहोरा नगर एवं रेलवे स्टेशन के लिए रास्ता जाता है। इसके कारण इस तिराहे पर दिन-रात वाहनों का आवागनम होता रहता है। उक्त तिराहे पर सडक पर हुए इस गड्ढे को एक साल बीत गया है, लेकिन अभी तक इसे बंद नहीं कराया गया है। इसके कारण कभी कोई बडा हादसा हो सकता है। बीच सड़क में गड्ढे के कारण रात के समय दुर्घटना होने का भय बना रहता है।

### कई वाहन चालक हो चुके है दुर्घटनाग्रस्त

खितौला में तिराहे पर बीच सडक पर हुए इस गड्ढे में फंसकर कई वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो चुके हैं। इनके साथ ही सडक पर घूमने वाले आवारा मवेशियों के पैर गड्ढे में फंस जाते हैं। गड्ढे के कारण आए दिन हो रहे हादसों को रोकने के लिए आसपास के लोगों ने गड्ढे पर बैरीकेड्स रखकर बंद करने का प्रयास किया है लेकिन बैरीकेड्स छोटा होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है।



वहां पर दुकान लगाकर अपना व्यवसाय करने वाले अनेक दुकानदारों का कहना है की इस गड्ढे को हुए लगभग एक साल हो गया है। आए दिन अनजान बाइक चालक गड्ढे में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। बेचारे मवेशी तो गड्ढे में गिर ही जाते हैं। गड्ढे को बंद कराने के लिए हम लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक किसी ने भी हमारी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया है।

## विजय बने व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक



**सिहोरा**– भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल,सांसद राकेश सिंह,विधायक सिहोरा नंदनी मरावी, विधायक पनागर इंदू तिवारी,पाटन विधायक अजय विश्नोई, जिलाध्यक्ष रानू सुभाष तिवारी ने जबलपुर से विजय श्रीपाल को व्यापारी प्रकोष्ठ जिला जबलपुर ग्रामीण का जिला संयोजक बनाया है। विजय के मनोनयन पर भाजपा नगर एंव ग्रामीण मंडल के अलावा सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एंव पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# चारागाह की जमीन में दबंगों की फसल पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**सिहोरा में 2 करोड़ 48 लाख की 12.18 हैक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त**

**सिहोरा**– सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा जमाकर धड़ल्ले से खेती किए जाने की शिकायत से हरकत में आए पुलिस व प्रशासन ने जबलपुर कलेक्टर टी इलैयाराजा के आदेशानुसार एवं सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी आशीष पांडे तथा तहसीलदार राकेश चौरसिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सिहोरा तहसील के राजस्व निरीक्षक मंडल मझगवां हल्का गिदुरहा की12.48 हैक्टेयर सरकारी जमीन को कब्जामुक्त करा लिया है मझगवां थाना क्षेत्र के ग्राम गिदुरहा में नायब तहसीलदार राहुल मेश्राम, आर आई पटवारी कोटवार एवं पुलिस वल की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। यहां गांव के 12 दबंगों द्वारा पटवारी हल्का नंबर 35 खसरा नंबर 662, 663, 664, 617,619, 620, 638, 404, 659, 654 में अतिक्रमण कर इसके बड़े हिस्से में अवैध तरीके से उड़द, मूंग, भिंडी, तरबूज, मिर्ची आदि की खेती की जा रही थी। अफसरों ने गांव



में ट्रेक्टर लगाकर खड़ी फसल को नष्ट करवा दिया।

### मूक पशुओं का निवाला छीन रहे थे दबंग

ग्रामीण क्षेत्र में गौशाला के पशुओं के लिए आरक्षित गौशाल एवं चरनोई भूमि पर कब्जा किए जाने का काम ध ?ल्ले से किया जा रहा है। गांवो में कई एकड़ सरकारी चरनोई भूमि पर दबंग कब्जा कर खेती कर रहे हैं। चरनोई भूमि पर अतिक्रमण के कारण आवारा मवेशी सड़कों पर भटक रहें है। नायब तहसीलदार द्वारा गौशाला की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। न्यायालय नायब तहसीलदार सिहोरा द्वारा अतिक्रमण कारी धीरेंद्र पिता फागुराम, भैया जी पिता श्यामलाल, लखन पिता लटोरी राम, गोवर्धन पिता फागुराम, लक्ष्मण पिता सरदार सिंह, कोमल पिता ओमकार काछी, विपिन पिता लखन, विनोद पिता श्यामलाल काछी, रमेश पिता चम्मूलाल काछी, प्रमोद पिता रामरतन, श्यामसुंदर पिता चम्मूलाल,तीरथ प्रसाद पिता चम्मूलाल के विरुद्ध बेदखली आदेश जारी किया गया था।

# अश्वनी कुमार पाठक के बाल-कव्य पर पी.एच.डी.

**सिहोरा हुआ गौरवान्वित**

**सिहोरा**– देश एंव प्रदेश में अपने बाल साहित्य के माध्यम से जबलपुर जिले के सिहोरा का नाम रोशन करने के साथ बच्चों के लिए दर्जनों पुस्तकों का प्रकाशन करके एक अलग ही पहचान बनाने वाले नगर के वरिष्ठ बाल-साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक तथा भोपाल के ख्यात बाल-साहित्यकार डॉ.परशुराम शुक्ल के बाल-कव्य पर,संयुक्त रूप से शोध छात्रा प्रियंका नवनाथ शेट पारकर पी.एच.डी.कर रही हैं ,जिसका शोध विषय -शुक्ल और पाठक के बालकव्य का तुलनात्मक अध्ययन% होगा द्य उक्त शोध सावित्री बाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे के शोध निर्देशक डॉ. हनुमंत जगताप प्रोफेसर एवं अध्यक्ष हिंदी विभाग, न्यू आर्ट्स कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज अहमदनगर,महाराष्ट्र के निर्देशन में संपन्न होगा द्य ज्ञातत्य है कि यह पहला अवसर है जब नगर के किसी साहित्यकार के कृतित्त्व पर पी.एच.डी.के लिए शोध-कार्य किया जा रहा है द्य इससे ना केवल श्री पाठक बल्कि नगर को भी गौरव प्राप्त हुआ है ।

### खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने 32 वी राष्ट्रीय स्ट्रिंगथ चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे

**कुंडम**–* बघराजी रानीताल स्टेडियम जबलपुर में चल रही 32 वी राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में महिला वर्ग की विजेता खिलाड़ियों को जबलपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष राजेश सोनी सनी स्पोर्ट्स क्लब के उपाध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली विजेता महिला खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया इस चैंपियनशिप में भारत के कोने कोने से पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया श्री सोनी ने खेल क्रीड़ा परिषद जबलपुर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता नए खिलाड़ियों को तराशने का अवसर दिया है यह प्रतियोगिता जबलपुर में संपन्न कराने के लिए आयोजकों को बधाई प्रेषित करते हुए आभार व्यक्त किया

# हिरण नदी बचाने जारी है पद यात्रा



**जबलपुर**। हिरण नदी बचाने को लेकर ठाकुर हरि सिंह के मार्गदर्शन में निकाली जागरूकता पदयात्रा कटंगी से लेकर बेलखेड़ा होते हुए शंकर घाट पहुंची । पानी की समस्या एवं नदी की सूख जाने को लेकर गांव-गांव में जाकर जल संग्रह एवं निकाल पानी का संग्रहण कर जलस्तर बढ़ाने एवं हिरन नदी सूखने जैसी समस्या का निराकरण के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है । अभिषेक सिंह ठाकुर के द्वारा गांव गांव जाकर किसानों मजदूरों एवं महिलाओं को इस समस्या का निराकरण के लिए जागरूकता अभियान एवं पदयात्रा चलाई जा रही है जिसमें विधायक अजय विश्नोई द्वारा पाटन पाटन से पदयात्रा शुरू हुई और 20 किलोमीटर तक पैदल चलकर रोगों को जागरूक किया गया जिसमें क्षेत्रीय लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है हरिसिंह भैया के साथ भाजपा के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय लोग भी शामिल हो रहे हैं जिससे इस भयानक संकट से मुक्ति मिल सके यही बीड़ा उठाया है हरि सिंह ने जब तभी इस समस्या से छुटकारा मिल सकेगा और आने वाले भविष्य में संकट दूर होने की स्थिति व्यापम होगी हरि सिंह साहब द्वारा गांव गांव जाकर इसका पुरजोर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कुशाक मोंटे कॉर्लो को लॉन्च किया




**एजेंसी**। चाहे आप लक्जरी के बारे में सोचें अच्छी जिंदगी के बारे में सोचें खूबसूरती के बारे में सोचें मोटरस्पोर्ट्स के बारे में सोचें तो आपको यूरोप के मोनाको में मोंटे कॉर्लो के बारे में सोचना ही प?गा आज से करीब एक सदी से ज्यादा समय पहले पहले मोंटे कॉर्लो ने ग्लैमर और खूबसूरती की दुनिया में कदम रखा था चेक गणराज्य की कार निर्माता कंपनी ने मोटरस्पोर्ट्स में अपनी मौजूदगी सफलता से दर्ज कराई है इस लंबी अवधि में मशहूर मोंटे कॉर्लो रैली में कंपनी के बनाए वाहनों ने कई जीत दर्ज की है 1912 में रैली क्लासिक के सेकेंड रन में लॉरिन एंड क्लीमेंट के वाहनों को प्रवेश दिया गया था 1936 के प्रतिष्ठापूर्ण और लोकप्रिय मुकाबले में विंग्ड ऐरो के साथ कंपनी के नए मॉडल की कार को पहली बार शामिल किया गया था 1०5 लीटर से कम इंजन की श्रेणी में यह लोकप्रिय स्पोर्ट्स कार प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही थी। नई स्कोडा कुशाक मोंटे कॉर्लो की पेशकश पर टिप्पणी करते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया ब्रैंड के निदेशक श्री जैक हॉलिस ने कहा हाल ही में मिली सफलता और भारत में अपने सबसे सफल महीने के साथ यह उचित ही था कि हमने सफलता का जश्न उस बैज के साथ मनाया जो स्कोडा में जीत की भावना का प्रतिनिधित्व करता है मोंटे कॉर्लो एक ऐसी कार है जो उन लोगों के दिल में बस चुकी है जो अपने लिए अनोखी और बेमिसाल कारीगरी से सजी खूबसूरत और शानदार स्पोर्ट्स कार के शौकीन हैं मोंटे कॉर्लो की कारों से एक खास तरह का स्टाइल उभरता है जब आप मोंटे कॉर्लो की कार को ड्राइव करते हैं तो आपको रैली स्पोर्ट्स और मोटर रेसिंग की विरासत में एक खास मुकाम पर पहुंच चुकी कार में बैठने का रोमांचक अनुभव होता है।

## बसपा प्रदेश प्रभारी मध्य प्रदेश रामजी गौतम साहब का आगमन अपने , सिवनी रवाना



**जबलपुर** । सुबह बहुजन समाज पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रभारी मध्य प्रदेश एवं राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम का आगमन हुआ, उनके साथ बसपा प्रदेश अध्यक्ष इंजि रमाकांत पिप्पल एवं अन्य नेतागण उपस्थित भी पहुंचे, जो जबलपुर विश्राम गृह नंबर 2 में बसपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर, सिवनी में दो आदिवासियों की बेरहमी से हत्या के मामले में वे अपने काफिले के साथ जबलपुर से सिवनी पीडित परिवारों के घर पहुंचे, उसके पश्चात सिवनी जिले में आयोजित अन्याय अत्याचार के विरोध में होने वाली जनसभा को संबोधित किया,बसपा के प्रदेश प्रभारी बालकिशन चौधरी, राकेश चौधरी, सुभाष मरकाम, एड लखन अहिरवार, दिनेश कुशवाहा, राकेश समुंदरे, डॉ सतपाल सिंह,रामराज राम, देवी सिंह , संदीप सूर्यवंशी, राजेश सिंह, जवाहर अहिरवार, भोले शंकर, ओम समद, मुकेश सूर्यवंशी, बलराम चौधरी, अनील चौधरी, अजय अहिरवार, रिषभ साठे, लछमण चौधरी, आशा गोटिया,जितेंद दीवान, मदन कोल, पपू चौधरी, अमर चौधरी, सुशील अहिरवार, सहित बडी संख्या में बसपा कार्यकर्ता शामिल रहे.।

# आज से बजरिया जैन मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ घट यात्रा निकली पनागर में



**पनागर**/नगर के प्राचीन ऐतिहासिक श्री बजरिया जैन मंदिर में 11 मई से 13 मई तक तीन दिवसीय श्रीमजिनेंद्र पार्श्वनाथ भगवान वेदी निष्ठापन एवं नवीन नदी में भगवान के विराजमान का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवंत 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस कार्यक्रम में बाल ब्रह्मचारी अधिष्ठाता जिनेश भैया जी पिसनहारी की मढ़िया कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य हैआज प्रातः 6ः00 बजे से भगवान का अभिषेक पूजन जाप अनुष्ठान घट यात्रा ध्वजारोहण पात्र चयन बेदी शुद्धि स्थल शुद्धि इंद्र प्रतिष्ठा मंडप प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ हुए नगर में विशाल घर यात्रा निकली दोपहर 2ः00 बजे बजरिया मंदिर में ही भक्तांबर विधान रात्रि 7ः30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आरती स्वाध्याय का कार्यक्रम किया जाना है सकल जैन समाज एवं श्री जैन प्रबंध कारिणी सभा पनागर अध्यक्ष राजेश जैन कटंगा एवं मंत्री अभिनंदन चौधरी ने समस्त धर्म प्रेमी जनों से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है आज घट यात्रा में विजय जैन गुरु संजय जैन पत्रकार ब्रह्मचारी पवन भैया राजेश खजांची अंकुर जैन सहित सैकड़ों महिलाएं साथ में थे

**नई शाखा का उद्घाटन**

# आईसीआईसीआई फ्रूडेंशियल एमएफ ने सतना में खोली अपनी पहली शाखा



**जबलपुर**। आईसीआईसीआई फ्रूडेंशियल एमएफने आज सतना में अपनी पहली शाखा खोली। निवेशक और वितरक अब यूनिट नंबर 1 वार्ड नंबर 21 ग्राउंड फ्लोर जीवन ज्योति कॉलोनी रीवा रोड सतना.485001 मध्य प्रदेश में फंड हाउस तक पहुंच सकते हैं।इस अवसर पर फंड हाउस के वरिष्ठ टीम सदस्य श्री वैभव देशपांडेए क्षेत्रीय प्रमुख.एमपी छत्तीसगढ और उडीसा श्री प्रशांत मालवीय क्लस्टर प्रमुख भोपाल और श्री अंकित गायकवाड शाखा प्रबंधक. सतना आईसीआईसीआई फ्रूडेंशियल एमएफउपस्थित थे। इस अवसर पर श्री वैभव देशपांडे क्षेत्रीय प्रमुख.एमपीए छत्तीसगढ और उडीसा आईसीआईसीआई फ्रूडेंशियल एमएफने कहा कि श्हमें सतना में अपनी नई शाखा का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। एक एएमसी के रूप में हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों के लिए सरल और सुलभ वित्तीय समाधान तैयार करना है। इसके अलावा हमें यकीन है कि स्थानीय स्तर पर हमारी मौजूदगी से हमें बेहतर तरीके से जुडने बाजार की संभावनाओं का दोहन करने और मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति बढाने में मदद मिलेगी।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

कुंडम-सिवनी जिले के कुरई थाना क्षेत्र के सिमरिया में हुए दो आदिवासियों के हत्या कांड के विरोध में श्रीमति जमुना मरावी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कुंडम द्वारा एसडीएम कुंडम को ज्ञापन सौंपा गया जिसमे आदिवासियों पर हो रहे आत्यचार के प्रति घोर निंदा कर अत्याचारियों पर कड़ी से कड़ी सजा एवं दो करोड़ की मुआवजा राशि की मांग की गई।

# एचडीएफसी बैंक ने महामारी के दौरान 1,000 से ज्यादा शाखाएं शुरू कीं

**मुंबई**। अपने प्रोजेक्ट फ्यूचर रेडी के तहत आज एचडीएफसी बैंक ने घोषणा करके बताया कि यह पिछले दो सालों में अपने नेटवर्क में 1,000 से ज्यादा नई शाखाएं शामिल कर चुका है। महामारी के दौरानए बैंक ने हर रोज दो नई शाखाएं खोलींए और अकेले वित्तवर्ष 2022 में 734 नई शाखाएं खोली गईं। एचडीएफसी बैंक ने 31 मार्च, 2022 को भारत में एक साथ सबसे ज्यादा शाखाएं खोलने का एक नया रिकॉर्ड बनायाए जब सशि जगदीशन एमडी एवं सीईओए एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल रूप से एक साथ 250 शाखाएं लॉन्च कीं। इस रिकॉर्ड को एशिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स में आधिकारिक मान्यता मिली है। 31 मार्च, 2022 को बैंक के वितरण नेटवर्क में 3,188 शहरोंध्कस्बों में 6,342 शाखाएं और 18,130 एटीएम थे। इससे पहले बैंक ने अपने स्थायी कर्मचारी आधार में 90 प्रतिशत बढोत्तरी करने की घोषणा की थीए और 31 मार्च, 2022 को बैंक के पास 141,579 कर्मचारी हो गए थे। देश में शाखाओं के विशाल रिटेल नेटवर्क से बैंक को अपनी मौजूदगी और व्यवसाय बढाने में मदद मिलेगी। बैंक शाखाएं नए ग्राहक बनाने में महत्वपूर्ण बिंदुओं के रूप में काम करती हैं और रिटेल ब्रांच बैंकिंग पिछले कुछ सालों में काफी तेजी से विकसित हुई है।

## एचडीएफसी बैंक ने उद्योग का पहला 30 मिनट का एक्सप्रेस कार लोन लॉन्च किया

**मुंबई**। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने एक्सप्रेस कार लोनलॉन्च किया है . मौजूदा ग्राहकों के साथ.साथ गैर.ग्राहकों के लिए एंड.टू.एंड डिजिटल नई कार ऋण यात्रा का शुरू कियाए बैंक ने देश भर के ऑटोमोबाइल डीलरों के साथ अपने ऋण आवेदन को एकीकृत किया है। इस उद्योग की पहली सुविधा से देश में कार वित्तपोषण के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद है।एचडीएफसी बैंक ने कार खरीदारों के लिए एक व्यापकए तेजए अधिक सुविधाजनक और समावेशी डिजिटल यात्रा तैयार की है। यह कार खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने और अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में कार बिक्री को बढ़ावा देने में मदद करेगा।एचडीएफसी बैंक डिजिटल नवाचारों में अग्रणी रहा है,अरविंद कपिल . कंट्री हेड, रिटेल एसेट्स एचडीएफसी बैंक ने कहा श्अब हम मौजूदा और साथ ही नए ग्राहकों के लिए एंड.टू.एंड डिजिटल कार लोन सॉल्यूशन लॉन्च करके कदम बढ़ा रहे हैं। एचडीएफसी बैंक द्वारा एक्सप्रेस कार लोन, ऑटोमोटिव लेंडिंग यात्रा को परिभाषित करने वाला एक उद्योग होगा। यह हमारी सभी शाखाओं, डीलरशिप और अंततः तीसरे पक्ष के एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा।

## पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**सिहोरा**---नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 ब्राह्मण पूरा में पानी की समस्या से वार्ड वासी परेशान है वार्ड के निवासियों की समस्या के निराकरण हेतु अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सिहोरा ने अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा का ज्ञापन नायब तहसीलदार नजूल रुबी खान को ज्ञापन सौंपकर वार्ड नंबर 8 के निवासियों के पानी संकट के संबंध में अवगत कराया व निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा।कार्यक्रम मे बालमुकुन्द चौबे पूर्व पार्षद, अजय किशोर तिवारी एड.,विष्णु दत्त गौतम,अर्जुन गर्ग,जय प्रकाश तिवारी महामंत्री, अमित कुररिया, सतीश तिवारी, संतोष उरमलिया आदि उपस्थित रहे।

# लखनऊ ने घुटने टेके

## टी 20-प्लेऑफ में क्वॉलिफाई करने वाली पहली टीम बनी गुजरात



टी20 में कायम है लेग स्पिन का जलवा, अपने दम पर मैच जिताने के मामले में सबसे आगे हैं कलाई के स्पिनर आईपीएल 2022 के 57वें मैच में गुजरात टाइटंस ने बाजी अपने नाम की। पुणे के एमसीए स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात की टीम ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को एकतरफा अंदाज में 62 रन के बड़े अंतर से हराया। हार्दिक पांड्या की अगुआई में गुजरात की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 144 रन बनाए और इसके बाद लखनऊ की टीम को 82 के स्कोर पर ही समेट दिया। गुजरात टाइटंस इस जीत के साथ अंक तालिका में फिर से शीर्ष पर पहुंच गई और इसके साथ ही प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम भी बन गई। गुजरात के 145 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत बेहद खराब रही। यश दयाल और मोहम्मद शमी की धारदार गेंदबाजी के आगे लखनऊ की टीम 33 के स्कोर पर ही अपने शीर्ष के तीन विकेट गंवा बैठी। दीपक हुड्डा और क्रुणाल पांड्या ने इसके बाद टीम को शुरुआती झटकों से उबारने की कोशिश की, लेकिन राशिद खान और अपना पहला मैच खेल रहे साई किशोर ने एक-एक कर के लखनऊ के मध्यक्रम को तोड़ दिया। दोनों ने मिलकर 35 गेंदों डाली और उसमें 31 रन देकर छह खिलाड़ियों को आउट किया। लखनऊ की तरफ से कोई भी बल्लेबाजी अधिक देर तक क्रीज पर टिक नहीं पाया।लखनऊ की तरफ से हुड्डा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा आठ खिलाड़ी दहाई के आंकड़े को छू भी नहीं पाए। गुजरात की तरफ से राशिद खान सबसे सफल गेंदबाज रहे और चार विकेट झटके। वहीं साई किशोर ने सात रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत बेहद खराब हुई। तीसरे ही ओवर में ऋद्धिमान साहा पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मैथ्यू वेड ने शुरुआत में



दो चौके लगाकर पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश की लेकिन वह भी 10 रन बनाकर चलते बने। उन्हें आवेश खान ने अपने पहले ही ओवर में पवेलियन की राह दिखाई। कप्तान हार्दिक पांड्या भी कुछ खास नहीं कर सके और एक धीमी पारी खेलकर 11 के स्कोर पर आउट हुए। गुजरात की टीम 51 के स्कोर पर तीन विकेट गंवाकर मुश्किल में दिख रही थी। लेकिन शुभमन गिल और डेविड मिलर ने मिलकर पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। गिल ने इस दौरान 42 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दूसरी तरफ मिलर 16वें ओवर में 24 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए। गिल ने इसके बाद आखिरी के ओवरों में राहुल तेवतिया के साथ मिलकर टीम को एक 144 के स्कोर तक पहुंचाया। तेवतिया ने होल्डर के आखिरी ओवर में तीन चौके समेत 16 रन बटोरे। गिल 49 गेंदों में 63 और राहुल तेवतिया 16 गेंदों में 22 रन बनाकर नाबाद रहे।





## युवराज सिंह ने चार महीने बाद दिखाई बेटे की पहली झलक

### बोले- मैं सीख रहा पर हेजल को सब आता है

पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने बेटे के जन्म के चार महीने बाद उसकी पहली झलक दिखाई है। बेटे ने मदर्स डे पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने बेटे की झलक दिखाई है। इस मौके पर उन्होंने बताया है कि पिता बनने के बाद भी काफी चीजें सीख रहे हैं, जबकि हेजल हर काम में निपुण हैं। ययुवराज लगभग चार महीने पहले पिता बने थे और इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को भी दी थी। इसके बाद उन्होंने अब अपने बेटे की पहली झलक दिखाई है। युवराज ने जो वीडियो साझा किया है, उसमें उनके साथ उनकी पत्नी हेजल कीच और बेटा भी दिख रहा है। यह वीडियो उन्होंने मदर्स डे पर सभी माताओं को समर्पित किया है।

### युवराज ने क्या लिखा?

युवराज ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ वीडियो शेयर करते हुए लिखा इस मदर्स डे पर अपने पिता बनने की कहानी साझा करते हुए बेहद खुश हूं। मेरा मानना है कि यादों के लिए हम जो चीज सबसे अच्छी कर सकते हैं वह यह है कि बच्चे की परवरिश साथ में करें। बच्चे के कपड़े बदलना या उसे खाना खिलाना मैं हर काम सीख रहा था, लेकिन हेजल निपुण थीं। इसके साथ ही युवी ने बताया कि वो एक बूटकैंप का भी हिस्सा बने, जहां कई पिता बच्चे को पालने का तरीका सीखते हैं। ना सिर्फ इस मदर्स डे बल्कि हर दिन के लिए अपने साथी से वादा साथ में बच्चे की परवरिश करने का वादा करें। युवराज सिंह ने 30 नवंबर 2016 को बॉलीवुड अभिनेत्री हेजल कीच के साथ शादी की थी। शादी के पांच साल बाद दोनों जनवरी 2022 में एक बच्चे के माता-पिता बने। युवराज और हेजल कीच की कई कहानियां मीडिया में प्रचलित हैं। युवराज ने एक इंटरव्यू में बताया था कि हेजल कीच ने उनके साथ डेट पर जाने के लिए पांच साल लिए थे।



## 23 साल के राशिद का धमाल

### ऐसा करने वाले सबसे कम उम्र के गेंदबाज बने, ब्रावो-ताहिर को पीछे छोड़ा



आईपीएल 2022 के 57वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को 62 रन से हरा दिया। इसी के साथ हार्दिक की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बनी। गुजरात से मिले 145 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम राशिद खान की फिरकी के आगे नहीं टिक सकी और 82 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। राशिद ने 24 रन देकर चार विकेट झटके, जो कि आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। इससे पहले उन्होंने 2020 सीजन में दिल्ली के खिलाफ सात रन देकर तीन विकेट झटके थे। इसी के साथ राशिद ने टी-20 फॉर्मेट में 450 विकेट भी पूरे कर लिए। वह यह मुकाम हासिल करने वाले दुनिया के सिर्फ तीसरे गेंदबाज हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो और दक्षिण अफ्रीका के इमरान ताहिर ऐसा कर चुके हैं। ब्रावो के नाम 531 टी-20 मैचों में 587 विकेट हैं। वहीं, ताहिर ने 356 टी-20 मैचों में 451 विकेट चटकाए हैं। राशिद ताहिर की बराबरी से बस एक विकेट दूर हैं। हालांकि, एक मामले में राशिद ने इन सभी गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया है। वह है सबसे कम उम्र में टी-20 फॉर्मेट में 450 विकेट लेने का। ब्रावो फिलहाल 38 साल के हैं और ताहिर 43 साल के हैं। राशिद ने लखनऊ के खिलाफ दीपक हुड्डा, क्रुणाल पांड्या, जेसन होल्डर और आवेश खान को अपना शिकार बनाया। आईपीएल 2022 में अब तक राशिद 21.66 की औसत से 15 विकेट ले चुके हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 6.79 का रहा है। राशिद इस सीजन सीएसके के खिलाफ एक मैच में कप्तानी भी की है इस साल टी-20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में भी राशिद टॉप पर हैं। राशिद ने साल 2022 में इस फॉर्मेट में 27 मैचों में 40 विकेट लिए हैं। दूसरे नंबर पर संदीप लामिछाने हैं। उन्होंने 23 मैचों में 38 विकेट निकाले हैं। ड्वेन ब्रावो 19 मैचों में 34 विकेट के साथ तीसरे और जेसन होल्डर 17 टी-20 मैचों में 29 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। लखनऊ और गुजरात के बीच मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक की टीम ने शुभमन गिल के 49 गेंदों पर 63 रन की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में लखनऊ की पूरी टीम 82 रन पर ढह गई। लखनऊ के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। हुड्डा ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। गुजरात की ओर से राशिक के अलावा यश दयाल और आर साई किशोर को दो-दो विकेट मिले। वहीं, शमी को एक विकेट मिला।

## 'अपनी बेटी को संभाल पहले'

### चंकी पांडे ने उड़ाया एक्टिंग का मजाक तो फराह खान ने कर दी बोलती बंद



अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में अनन्या ने एक फनी वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान के साथ नजर आ रही हैं। इस वीडियो पर फैंस के भी मजेदार रिएक्शन मिल रहे हैं, लेकिन सबका ध्यान एक ही कमेंट पर गया और वो था अनन्या के पिता चंकी पांडे का। चंकी पांडे ने फराह खान पर ओवरएक्टिंग के लिए कमेंट किया, जिसके बाद फराह के जवाब ने उनकी बोलती बंद कर दी। यहीं नहीं फराह के जवाब की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं और कई मीम्स भी बनाए जा रहे हैं। दरअसल, अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने ड्रेसिंग रूम में मेकअप कराती हुई नजर आ रही हैं। अनन्या अपने आपको इंट्रोड्यूस कर ही रही होती हैं की इस बीच वीडियो में फराह की एंट्री होती है। फराह अनन्या से कहती हैं कि अनन्या, अनन्या तुम्हें %खाली पाली% के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है। इस पर अनन्या की खुशी का ठिकाना नहीं रहता और वह अपनी टीम के साथ खुशी में चिल्लाने लगती हैं। इतने ही कैमरे फराह की ओर घूमता है और वह %हाउसफुल% में चंकी पांडे के स्टाइल की तरह अनन्या से कहती हैं, आई एम जस्ट जोकिंग। ये सुनते ही अनन्या की दुखी हो जाती है। इस फनी वीडियो को लोग बहुत पसंद कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। अनन्या की मां भावना पांडे ने लिखा से लेकर कई सेलेब्स ने इस पर कमेंट किए, लेकिन सारा ध्यान चंकी पांडे को दिए गए फराह के जवाब पर चला गया। दरअसल, चंकी पांडे ने कमेंट किया, %फराह तुम्हें इस वीडियो में ओवरएक्टिंग के लिए पैसा मिलना चाहिए।% इसके बाद फराह ने चंकी को टैग करते हुए जवाब दिया, 'अपनी बेटी को संभाल पहले।'

## महेश बाबू के बाद अब भाषा विवाद पर बोले, रणवीर सिंह




किच्चा सुदीप के हिंदी भाषा को लेकर किए गए एक ट्वीट के बाद से बॉलीवुड और दक्षिण सिनेमा में काफी दिनों से बहस चल रही है। दिन-प्रतिदिन ये बहस बढ़ती ही जा रही है। बीते दिनों साउथ सिनेमा के सुपरस्टार महेश बाबू ने बॉलीवुड से तौबा करते हुए कहा कि बॉलीवुड मुझे अफोर्ड नहीं कर सकता। इन सब बहस के बीच बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह का रिएक्शन आया है। रणवीर सिंह ने एक इंटरव्यू के दौरान हिंदी भाषा और साउथ के सिनेमा को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि ये बहुत अच्छी बात है कि साउथ की फिल्में देशभर में बढ़िया प्रदर्शन कर रही हैं। रणवीर ने कहा कि जल्द ही हिंदी फिल्में भी ऐसा ही प्रदर्शन करेंगी।

## करण जौहर के शो का हिस्सा बनेंगे अर्जुन और मलाइका!



शो को लेकर आए दिन खबरें आती रहती हैं। कहा जा रहा है कि शो के पहले गेस्ट आलिया भट्ट और रणवीर सिंह होंगे। दोनों अपनी फिल्म %रॉकी और रानी की प्रेम% कहानी को प्रमोट करने शो में आएंगे, तो वहीं ये भी खबर आ रही है कि जाहन्वी कपूर और सारा अली खान अपने एपिसोड की शूटिंग भी कर चुकी हैं। साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा भी %कॉफी विद करण% में अपना डेब्यू करने को तैयार हैं। वह अपनी फिल्म %लाइगर% की कोस्टार अनन्या पांडे के साथ शो का हिस्सा बनेंगे। अब खबरें आ रही हैं कि अर्जुन और मलाइका को भी शो का हिस्सा बनने के लिए अप्रोच किया गया है। दोनों का नाम अपडेट गेस्ट लिस्ट में शामिल है, लेकिन अभी दोनों ने इसके लिए हामी नहीं भरी है। शो में दोनों ही पहले कई बार आ चुके हैं, लेकिन पहली बार ऐसा होगा कि दोनों कपल के तौर पर शो का हिस्सा बनेंगे। ये खबर सामने आने के बाद से ही फैंस काफी उत्सुक हैं। गौरतलब है कि करण ने कॉफी विद करण के वापस लौटने की घोषणा भी अतरंगी तरीके से की थी और कहा था कि शो कभी टीवी पर वापसी नहीं करेगा, जिससे फैंस काफी निराश हो गए थे। लेकिन कुछ देर बाद ही उन्होंने डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर शो आने की बात बताई थी। इससे शो के सभी फैंस काफी खूश हो गए थे।



## पुलिस भर्ती दौड़ में युवक की मौत



जबलपुर, यशभारत। जबलपुर में पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए दौड़ के बाद युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक एसएएफ में चल रही आरक्षक शारीरिक परीक्षा का आज तीसरा दिन है। सिवनी के खेड़ा निवासी नरेंद्र कुमार गौतम (22) की 800 मीटर की दौड़ के बाद तबीयत खराब हो गई। वह दौड़ के बाद लेट गया था। उसे सांस लेने में परेशानी हो रही थी। पहले रांझी अस्पताल और वहां से रेफर करने पर विक्टोरिया, फिर निजी हॉस्पिटल ले जाया गया। जिसके बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। बेटे को पिता शंकर लाल गौतम परीक्षा दिलाने लाया था। जैसे ही परिजनों ने अपने लाड़ले की मौत की खबर सुनी तो चीख पड़े। बेटे का सपना पुलिस में भर्ती होने का था, लेकिन अब वह सपना केवल सपना ही बनकर रह गया । पुलिस मामले की जांच कर रही है। जबकि दूसरा अन्य युवक अस्पताल में भर्ती है।

### सांस लेने में परेशानी के बाद अस्पताल में किया भर्ती, दूसरे युवक का भी इलाज जारी

### एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा पहुंचे हॉस्पिटल

शारीरिक परीक्षा में युवक की मौत की खबर मिलते ही एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा सहित पुलिस का अमला निजी अस्पताल पहुंच गया है। शारीरिक परीक्षा में किसी अभ्यर्थी की प्रदेश में ये पहली मौत बताई जा रही है। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रांझी से रेफर किया गया था। उसका पल्स रेट भी काफी कम हो गया था।

## ब्रेकर से उछला, सिर खुला, हो गई मौत

### बारात में शामिल होने जा रहा था युवक, परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़



मृतक का जीवित अवस्था का चित्र, शोकाकुल परिवार

जबलपुर, यशभारत। रामनगर, थाना अमरपाटन में स्पीड ब्रेकर के कारण बाइक उछलने से घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। युवक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहा था कि अचानक तेज रफ्तार बाइक उछलकर सड़क से दस फिट दूर जा गिरी। हादसे में बाइक समेत गिरे युवक का सिर, सड़क से सीधे टकराकर खुल गया। जिसे तत्काल आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से युवक की गंभीर हालक के कारण उसे जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे में युवक के बच्चों को भी चोटें आईं है। गोहलपुर पुलिस ने मामले में जीरो की कायमी कर, अग्रिम जांच हेतु डायरी अमरपाटन स्थानांतरित की जा रही है। वहीं, युवक की मौत के बाद परिजनों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया है। अपने लाड़ले का शव देखकर माता-पिता शव को झकझोरते हुए बार-बार बेटे को उठाने का प्रयास कर रहे थे। गमगीन माहौल में पुलिस और आसपास के लोगों ने सम्हालते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। जानकारी अनुसार परिजनों ने बताया कि अंजू साकेत 30 वर्ष पिता मथुरा प्रसाद साकेत रामनगर, थाना अमरपाटन का निवासी है। युवक अपनी होडां, आई स्मार्ट बाइक से परखुड़ी बारात में शामिल होने अपने बच्चों सहित जा रहा था। तभी अमरपाटन मोढ़ में बाइक ब्रेकर से उछलकर क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, डायरी स्थानांतरित की जा रही है।

### सहायक ग्रेट तीन-स्टेनों की भर्ती परीक्षा

## घोषित परिणाम संवैधानिकता को चुनौती

जबलपुर यशभारत। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा 1255 पदों पर की जा रहे सहायक ग्रेट तीन एवं स्टेनो की भर्ती में प्रारंभिक परीक्षा का घोषित परिणाम दिनांक 30/3/22 की संवैधानिकता को चुनोती दी गई है । याचिका क्रमांक 10359/2022 के याचिका कर्ता रूपम दसोन्दी ने अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर की ओर से याचिका दाखिल की गई याचिका की प्रारंभिक सुनवाई न्यायमूतिज़ शील नागू एवम जस्टिस मनिन्दर भट्टी की खण्डपीठ के समक्ष सुनवाई नियत थी अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने कोटज़ को बताया कि, हाईकोटज़ द्वारा दिनांक 30/3/22 को घोषित रिजल्ट में तीन गुने अभ्यथिज़्यों को द्वितीय चरण की परीक्षा हेतु, सिलेक्ट किया गया है लेकिन वगज़्वार काट आफ माक्सज़ नही दिखाए गए है तथा 50 प्रतिशत कम्युनल आरक्षण के मान से अनारक्षित वगज़ में 1018 सामान्य वगज़ के अभ्यथिज़्यों को तथा ओबीसी को 14त्र के मान से 409 अभ्यथिज़्यों को चयनित किया गया है तथा अनारक्षित वगज़ की कटआफ 79 तथा ओबीसी की कटऑफ82 अंक निधाज़रित की गई है जो अवैधानिक है । पिटीशनर के 81 अंक है जिसे न तो उसकी केटेगिरी में और नही अनारक्षित वगज़ में चयनित किया गया है उक्त प्रक्रिया हाईकोटज़ ने पहली बार लागू कर कम्युनल आरक्षण लागू करके अनारक्षित वगज़ में सामान्य वगज़ के लिए 50प्रतिशत आरक्षण लागू करके रिजल्ट घोषित किया गया है, ठीक इसी प्रकार स्टेनो के पदों पर ओबीसी की कट ऑफ81 अंक तथा अनारक्षित की 77 अंक निधाज़रित की गई है जो अव्यवहारिक एवम संविधानिक प्रावधानों के विपरीत है । अथाज़्त 78 से 81 अंक प्राप्त करने वाले ओबीसी के पिटीशनर सहित हजारो छात्र चयन से वंचित कर दिए गए है जबकि नियमानुसार मेरिटोरियस छात्रों से ही अनारक्षित वगज़ में चयन करने का सामान्य सिद्धान्त एवम संवैधानिक नियम है लेकिन हाईकोटज़ जैसी संस्था स्वम नियमो के विपरीत अवैधानिकता कर रही है । अधिवक्ता के उक्त तर्कों से सहमत होते हुए हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को नोटिस जारी कर जबाब तलब किया है तथा उक्त सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया याचिका के निणज़्याधीन की गई है तथा आगामी द्वितीय चरण की परीक्षा में याचिका कर्ता को शामिल होने की भी राहत दी गई है । याचिका कर्ता की ओर से पैरवी अधिवक्ता रामेश्वर सिंगज ठाकुर ने की ।



> 81 अंक प्राप्त याचिका कर्ता चयन से बाहर 77 अंक प्राप्त करने वाला सामान्य वर्ग का चयनित

## प्रचंड गर्मी, लू से जनजीवन प्रभावित




जबलपुर,यशभारत। मई के महीने में गर्मी ने अब अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सूर्यदेव के तेवर पहले से ज्यादा उग्र हो गए हैं। प्रचंड गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है। गर्मी का असर आज भी ज्यादा है। अधिकतम पारा 41 डिग्री तक जा सकता है। रविवार को अधिकतम तापमान 40.7 रहा। जबकि रात का तापमान 25.5 रहा। आज सुबह साढ़े 8 बजे ही पारा 28 के करीब पहुंच गया। समाचार लिखे जाने तक दिन का तापमान 38 के करीब चला गया था।

तीखी धूप के साथ लू से जनजीवन तो प्रभावित हो ही रहा है पशु-पक्षी भी तेज गर्मी से व्याकुल होने लगे है। बुधवार को भी सुबह से ही सूरज के तीखे लोगों को हलकान कर रहे है। गर्म हवाओं के थपेड़े शरीर को झुलसा रहे हैं। तेज पड़ रही गर्मी से लोग परेशान है। राजस्थान से आ रही गर्म हवाएं वातावरण को गरमा रही है। मौसम विभाग की माने तो गर्मी अभी और बढ़ेगी। मौसम विभाग ने 14 मई तक हीट वेव का अलर्ट भी जारी किया है। गर्म हवाओं से बचने के लिए लोग सुरक्षा कवच के रूप में कपड़े, चश्मे, गमछे और टोपी यहां तक की छाते का सहारा लेते दिख रहे हैं। वातावरण में सुबह से गर्माहट का अहसास बना हुआ है। हालांकि हवाओं का रूख उत्तरी होने से रात में लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। वहीं मौसम विभाग ने हीट वेव की संभावनाओं के बीच नागरिकों से अपील की है कि सीधे धूप और लू के संपर्क में आने से बचे। सूती नरम कपड़े पहने और बार-बार पानी पीते रहे। बच्चे और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि गर्मी का प्रकोप 14 मई तक जारी रह सकता है। तापमान भी ज्यादा नहीं बढ़ेगा। अधिकतम तापमान 43 डिग्री के नीचे ही रहेगा। क्योंकि बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान असानी के प्रभाव में क्षेत्र में पुरबाई चल रही है। इसके असर से गर्मी का प्रभाव कम रहेगा। लेकिन वातावरण में नमी में बढ़ोतरी परेशानी का सबब बन सकती है।

### ग्वारीघाट में दो दोस्तों की हैवानियत

## खाली मकान पर ले जाकर तीसरे के साथ किया अप्राकृतिक कृत्य



जबलपुर, यशभारत। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत ललपुर में दो दोस्तों ने अपने एक दोस्त पहले खाना पीना कराया और फिर खाली मकान में ले जाकर उसके साथ कुकृत्य किया और मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद युवक को तेज दर्द हुआ। जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ललपुर निवासी 21 वर्षीय युवक ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह पेशे से मजदूरी करता है। उसके दोनों दोस्त उम्र 22 साल भी उसके साथ मजदूरी ही करते है। दरमियानी रात उसके दोनों दोस्तों ने उसे खाना खिलाया और फिर झांसे से ललपुर के खाली मकान में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती कुकृत्य किया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।


## शादी में गए वृद्ध ,सूने घर पर चोरों की वक्रद्रष्टि

जबलपुर, यशभारत। रांझी के सिद्दीविनायक कॉलोनी में दरमियानी रात चोरों ने सूने घर के दरवाजे के ताले तोड़कर करीब 1 लाख के सोने और चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित जब घर पहुंचा तो दरबाजे के ताले टूटे हुए देखकर दंग रह गया। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और उसमें रखे गहने गायब थे। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामला कायम कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। जानकारी अनुसार रामकुमा बस्ती पिता आरबी बस्ती 62 साल ने बताया कि वह मकान नंबर 64, रांझी का निवासी है। देर रात एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। जब वापस आकर देखा तो अलमारी से गहने साफ हो चुके थे। शातिर चोर करीब एक लाख के गहने चोर कर रफूचक्कर हो गए।




































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )